हिन्दी दैनिक
# देश की उपासना
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
NEWS
dku live & dkunews24
वर्ष : 03 अंक–241 : जौनपुर, शनिवार 01 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –8 मूल्य : 2 रूपया

## पीएम मोदी की पहली चुनावी रैली लखनऊ में 9 जनवरी को : पांच लाख लोगों को जुटाने की तैयारी

लखनऊ ब्यूरो : यूपी विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली चुनावी सभा 9 जनवरी को लखनऊ में होगी। वृंदावन विहार कॉलोनी स्थित डिफेंस एक्सपो मैदान में प्रस्तावित रैली में पांच लाख से अधिक लोगों को जुटाने की तैयारी है। निर्वाचन आयोग के तीन दिनी लखनऊ दौरे के बाद संकेत मिले हैं कि आयोग की ओर से सात जनवरी तक विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर आचार संहिता लागू की जा सकती है। भाजपा के सूत्रों के मुताबिक नौ जनवरी को लखनऊ में पीएम मोदी की रैली होनी है। भाजपा ने पहले इस रैली को चुनाव पूर्व पहले चरण के प्रचार की अंतिम रैली के रूप में आयोजित करने की योजना बनाई थी। पर, अब इसे प्रदेश की पहली चुनावी रैली के रूप में आयोजित करने की रणनीति बनाई गई है। गोरखपुर, अवध, कानपुर–बुंदेलखंड, ब्रज, पश्चिम और पूर्वांचल क्षेत्र से 10 हजार से अधिक बसों, चार पहिया वाहनों के जरिये लोगों को रैली में लाया जाएगा। रैली में पांच लाख से अधिक लोगों के भोजन पैकेट और पानी की व्यवस्था की जाएगी। लखनऊ में नड्डा तीन जनवरी को करेंगे रैली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तीन जनवरी को अवध क्षेत्र की जन विश्वास यात्रा के समापन पर



लखनऊ में रैली को संबोधित करेंगे। पार्टी के लखनऊ प्रभारी गोविंद शुक्ला ने बताया कि दुबग्गा तिराहे, आईआईएम रोड पर जॉगर्स पार्क के सामने होने वाली रैली को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह समेत कई अन्य नेता भी संबोधित करेंगे।

2022
नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ :-
वेदांशिका सिटी
(लखनऊ अयोध्या/फैजाबाद नेशनल हाइवे- 28)
अनंत वैली
(नजदीक कुर्सी चौराहा), मितमया, नगराम रोड
VEDHIGHTS INFRA BUILT PVT. LTD
AADIANANT INFRABUILT PVT. LTD.
E-mail- vedanshikagroup@gmail.com
Add.: 1/7 Vastu Khand, Near Kathauta Jheel, Gomti Nagar, Lucknow.

आप सभी को नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला अध्यक्ष
प्रगतिशील
समाजवादी पार्टी,
लखनऊ एवं पूर्व
ब्लाक प्रमुख चिनहट
क्षेत्र लखनऊ,उ0प्र0
मो0 नं0 –91 97925 45355



–रंजीत यादव

नव वर्ष 2022 के शुभ अवसर पर समस्त देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
देश की उपासना
राष्टीय हिन्दी
मासिक/साप्ताहिक एवं दैनिक
समाचार पत्र परिवार की तरफ से
उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर ,जौनपुर,उ0प्र0

## सीएम ने मानदेय को 750 रुपये बढ़ाकर 1500 रुपये प्रति माह करने का किया घोषणा

लखनऊ ब्यूरो : यूपी सरकार आशा कार्यकत्रियों का मानदेय दोगुना करने जा रही है। अब प्रदेश सरकार की ओर से दिए जाने मानदेय को 750 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रति माह किया जाएगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आशाओं के सम्मेलन और 80 हजार मोबाइल फोन वितरण कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर की। साथ ही उन्होंने 1 अप्रैल 2020 से लेकर 31 मार्च 2022 तक कोरोना कालखंड में अच्छा कार्य करने वाले को 500 रुपये प्रति माह अतिरिक्त मानदेय देने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि 20 करोड़ टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करने में 60 दिवस से अधिक टीकाकरण करने वाले संविदा एएनएम को 10000 रुपये एकमुश्त मानदेय दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आशा बहनों को शिकायत रहती थी कि हमारे पास कोई ऐसा माध्यम नहीं है, जिससे शासन से मिलने वाले मानदेय को समय से प्राप्त कर सकें और अनावश्यक लिखा–पढ़ी से मुक्ति मिल सके। इसको देखते हुए आज हम 80 हजार मोबाइल देकर आशा बहनों को जोड़ रहे हैं और आने वाले समय में दूसरे चरण में 80 हजार और मोबाइल फोन उपलब्ध कराएंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि 1 अप्रैल 2020 से लेकर 31 मार्च 2022 तक कोरोना काल में अच्छा कार्य करने वाले आशा और आशा संगीनी को अतिरिक्त मानदेय के रूप में 500 रुपये प्रति माह अतिरिक्त उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि आशा और आशा संगीनी को केंद्र से 1500 रुपये और 750 रुपये प्रति माह राज्य से उपलब्ध कराया जाता था। अब आपके कार्यों को देखते हुए राज्य सरकार ने तय किया है कि प्रदेश सरकार की ओर से दी जाने वाली राशि को 750 से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रति माह कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य की सुविधा को निचले पायदान तक पहुंचाने वाली आशा बहनें ही हैं। कोरोना की दूसरी लहर में जब पूरी दुनिया बदहवास थी तब उस स्थिति में डोर–टू–डोर स्क्रीनिंग, दवा बांटने, टेस्टिंग को आगे बढ़ाने का आशा बहनों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और एएनएम ने जो कार्य किया, वह सराहनीय है। कोरोना प्रबंधन में एक हेल्थ वर्कर के रूप में आशा का काम हर स्तर पर सराहनीय है। कोरोना काल खंड में जब हर व्यक्ति अपने लिए जी रहा था, तब ये तीनों समाज के जीवन को बचाने के लिए कार्य कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बच्चों के



टीकाकरण से लेकर स्वास्थ्य संबंधी अभियान से जिस मजबूती के साथ आप जुड़ते हैं, वह सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो 20 करोड़ कोरोना का टीका लगा है, इसमें भी आशा बहनों की बड़ी भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश इस बात के लिए बदनाम था कि यहां मातृ और शिशु मृत्यु दर देश के एवरेज से ज्यादा थी। इसके लिए उत्तर प्रदेश हमेशा कठघरे में खड़ा रहता था। अभी हाल ही में भारत सरकार की स्टेट हेल्थ इम्पैक्ट वर्ष 2019–20 की रिपोर्ट आई है, उसमें देश के 19 बड़े राज्यों में इनक्रेमेंटल रैंकिंग में उत्तर प्रदेश पहला स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि यह तब संभव हो पाया है जब आशा बहनों ने समय पर राज्य के प्रत्येक नागरिक तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का कार्य किया है। मातृ और शिशु मृत्यु दर में वर्ष 2015–16 के मुकाबले काफी सुधार हो रहा है। इसी प्रकार से जानकारी के अभाव में माताओं, बहनों और बच्चों का टीकाकरण नहीं हो पा रहा था, इसमें भी प्रदेश ने बहुत अच्छी सफलता प्राप्त की है। इसमें भी प्रदेश अब पीछे नहीं रहेगा। स्मार्ट फोन मिलने के बाद आने वाले समय में इस फील्ड में प्रदेश बहुत अच्छी सफलता प्राप्त करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि साढ़े चार साल में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है। आज उत्तर प्रदेश हर जनपद में मेडिकल कालेज खोलने की ओर अग्रसर है। 59 जनपदों में मेडिकल कालेज है। प्रदेश सरकार 30 नए मेडिकल कालेज बनवा रही है। साथ ही पीपीपी मोड पर भी दो मेडिकल कालेज बन रहे हैं। इससे आने वाले समय में एक जनपद एक उत्पाद के तर्ज पर हर जनपद में एक मेडिकल कालेज होगा। उन्होंने कहा कि जब करोना का पहला मामला आया था तो प्रदेश के अन्दर कई ऐसे जनपद थे, जहां आईसीयू बेड नहीं थे। आज हर जनपद में आईसीयू, वेंटिलेटर और ट्रेंड स्टाफ है। दूसरी लहर में दुनिया में आक्सीजन की समस्या हुई थी। आज प्रदेश में 551 आक्सीजन प्लाट हैं। हाल ही में यूपी में 5000 से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। उन्होंने कहा कि सशक्त समाज का पहला आधार स्वास्थ्य है। अगर समाज स्वस्थ नहीं होगा तो सशक्त नहीं हो सकता। सशक्त नहीं होगा तो समृद्ध भी नहीं हो सकता है। स्वास्थ्य की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में आशा बहनों की भूमिक असंदिग्ध है। स्मार्ट फोन आपको और सशक्त करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरी लहर की आशंका व्यक्त की जा रही है। यद्यपि यह दूसरी लहर के हिसाब से कम खतरनाक मानी जा रही है। फिर भी सतर्कता की दृष्टि से जागरूकता लानी पड़ेगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से निगरानी समिति को एक्टिव करने को कहा।

## सोशल स्टडी प्वाइंट के छात्रों ने घर घर जाकर किया लोगों को जागरूक

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : शनिवार सोशल स्टडी प्वाइंट आफ आईटी एंड मैनेजमेंट के छात्र छात्राओं ने नए वर्ष 2022 पर जन–जागरूकता अभियान चलाकर जनता को किया जागरूक ।अभियान में प्रिंस व नेहा ने ग्रुप बनाकर सिद्धीकपुर गांव के सैकडो लोगों को महिला हिंसा नैपकिन प्रयोग पर जागरुक किया इसी क्रम में मुस्कान एंड दीपक ग्रूप ने मिलकर हमजापुर गांव में शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया व नव वर्ष कैलेंडर,हैंड बिल बापा किया ।इसी क्रम में पूजा एंड आशीष ग्रुप ने मिलकर जेठपुरा गांव में जाकर जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए तथा लोगों को कैलेंडर व महिला जागरूकता संबंधित पर्चे बांटकर लोगों का आशीर्वाद भी प्राप्त किया इसी क्रम में पारो एंड संगम ग्रुप ने छुनछा गांव में जाकर घर–घर जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया तथा महिलाओं व किशोरियों को सेनेटरी नैपकिन की उपयोगिता को बताया एवं संस्था द्वारा गोली चम्मच गेम, लाइ गेम, का आयोजन किया जिसमें सभी छात्र–छात्राओं ने मिलकर प्रतिभाग किया एवं आनंद उठाया अतिथि के रूप में निशा जी ने छात्र छात्राओं को नए वर्ष पर शुभकामना संदेश देते हुए बताया की आप सभी को लगातार आगे बढ़ते रहना है और कभी अपने आप को छोटा बड़ा न समझे और



अपना दृढ़ विश्वास बनाकर तैयारी करते रहे एक ना एक दिन सफलता जरूर मिलेगी इसी क्रम में सुनील व विमल जी ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि आप सभी लोग भी संस्था का एक हिस्सा है इस संस्थान का उद्देश्य आप सभी लोगों को कंप्यूटर,अंग्रेजी ज्ञान, के अलावा बहुत कुछ सिखाने का उद्देश्य है कार्यक्रम में उपस्थित ताइक्वांडो मार्शल आर्ट के अध्यापक सोनू सर व लवलेश ने बताया कि आप सभी को कम से कम 8 घंटे लगातार अध्ययन करना चाहिए सिर्फ सोचने से ही सफलता नहीं मिलेगी अगर आप सफल होना चाहते हैं तो उसके लिए आपको कठिन परिश्रम करते हुए आगे बढ़ना है तभी आप अपने माता पिता का सपना साकार कर पाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे विशाल विश्वकर्मा ने लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक व कोविड–19 को ध्यान में रखते हुए सावधानियां बरतने के साथ–साथ छात्र व छात्राओं को हमेशा सफलता की ओर अग्रसर होने का मंत्र दिया और छात्रों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर मान सम्मान बढ़ाया जिससे छात्र–छात्राओं कुछ मे करने का उत्साह बढ़ सके। उक्त कार्यक्रम में चंदन, सूरज, प्रीति, हेमा, रामलाल, आशीष, रवि, रोहित, दीपक, पूजा, मोनू, रोशन, आदर्श सहित तमाम लोग उपस्थित रहे सभी के प्रति ज्ञापन और धन्यवाद खुशबू यादव ने किया।

आवश्यक सूचना
आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
–संपादक

## दो महंगे दाम की भैस लाद ले गए पशु चोर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिकरारा थाना क्षेत्र के बरिया की पाहि तिराहे पर ही जोखन वारी का घर है। घर से 50 मीटर दूरी पर पशुशाला में दो महंगी पहली बार गाभिन लगभग डेढ़ लाख की दो भैस पशु चोर पिकप पर लादकर फरार हो गए। पशु चोर जोखन के कुत्ते को कुछ सूंघा दिए है। जिसके कारण वह अभी अर्ध वेहोशी में है। घटना शुक्रवार मध्य रात्रि की है। घटना की सूचना जोखन वारी ग्राम प्रधान अरविंद यादव ने जाकर भीलमपुर चौकी सहित थाने पर दे दिया है। उक्त जोखन वारी को रात में लगभग 12 बजे पशुशाला में खटपट की आवाज सुनाई दिया तो वह तुरंत उठकर टार्च जलाया। देखे की उनकी दोनो भैस को चोर लाद चुके है। शोर मचाने लगे तब तक चोर दोनो भैस लेकर बरईपार की तरफ निकल गए। भयवश रात में उन्होंने पीछा नही किया। रात में ही 112 नंबर पुलिस सहित चौकी पर सूचित किया। सुबह जाकर तहरीर दिया है। पशुचोरो कि सक्रियता से पशुपालकों में भय व्यापत है।

## नव वर्ष पर काशी विश्वनाथ धाम में गूंजी 1001 शंखों की ध्वनि : बना विश्व रिकॉर्ड

वाराणसी ब्यूरो : श्री काशी विश्वनाथ धाम में नव वर्ष के पहले ही दिन एक नया कीर्तिमान बन गया। काशी विश्वनाथ धाम में पहली बार 1001 शंखों की ध्वनि गूंजी। वाराणसी और काशी विश्वनाथ मंदिर के इतिहास में यह पहला मौका है जब इतनी संख्या में वादकों ने एक साथ शंखनाद किया। इसके साथ ही सामूहिक शंखनाद का विश्व रिकॉर्ड कायम हो गया। इससे पहले कभी भी इतनी संख्या में एक बार शंखनाद नहीं हुआ था। धाम के लोकार्पण पर मास पर्यंत चलने वाले कार्यक्रमों के तहत संस्कृति



विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में यूपी समेत कई राज्यों के लोगों ने हिस्सेदारी की। सामूहिक शंखनाद में कई स्थानीय कलाकार भी रहे। शंख वादकों में महिला और पुरुष दोनों रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी ने दीप प्रज्वलन से किया। विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का रेला। शंख वादन के प्रतिभागियों को मानदेय के रूप में एक हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। पारंपरिक परिधानों में वादकों ने जब शंखनाद किया तो अद्भुत नजारा बन गया। नए साल के पहले दिन पर काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा है। शंखनाद के दौरान मंदिर परिसर में मौजूद शिवभक्तों ने हर–हर, बम–बम का उद्घोष किया। इस खास मौके पर धाम की निराली शोभा को देखकर हर मन हर्षित हो उठा। एक जनवरी को श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन द्वारा झांकी दर्शन के इंतजाम किए गए हैं। बता दें कि 13 दिसंबर को काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद से ही दिव्य काशी–भव्य काशी कार्यक्रम के तहत हर रोज वाराणसी में कोई न कोई आयोजन हो रहा है। ये कार्यक्रम 14 जनवरी तक चलेंगे।

## सेवानिवृत्त एसीएमओ डॉ आर.के सिंह को दी गई विदाई

जौनपुर सू.वि. शहर के एक होटल में आयोजित समारोह के दौरान अवकाश प्राप्त कर रहे अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) डॉ आरके सिंह को विदाई दी गई। इस दौरान साथ काम कर रहे स्वास्थ्य विभाग के लोगों ने उन्हें उपहार आदि देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कोरोना काल के दौरान उनके योगदान को सराहा। उन्होंने बताया कि डॉ आरके सिंह ने जनपद में बतौर चिकित्साधिकारी जलालपुर, जिला क्षयरोग अधिकारी (डीटीओ), जिला उपकुष्ट अधिकारी, आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी के रूप में बड़ी संख्या में जनपदवासियों को सेवाएं दी हैं। अध्यक्षता कर रहीं मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने लोगों को समय से सेवाएं दिलाने के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा डॉ आरके सिंह के जाने से होने वाले खालीपन की कोई पूर्ति नहीं कर सकता। डॉ सिंह जहां भी रहें परिवार के साथ खुश रहें। इस दौरान डॉ आरके सिंह ने काम के दौरान लोगों के साथ गुजरे अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा जहां से रोजीरोटी आती है, उसकी पूजा करनी चाहिए। इसलिए मैंने अपने काम को पूरी ईमानदारी से करने की कोशिश की। इस दौरान मेरे किसी व्यवहार से कोई आहत हुआ हो तो मैं इसके लिए क्षमा मांगता हूं। कार्यक्रम के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के जौनपुर के अध्यक्ष डॉ एनके सिंह, उपजिलाधिकारी शाहगंज नितीश कुमार, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, एसीएमओ डॉ राजीव कुमार, मनोज वत्स, अरुण सिंह, संतोष सिंह, डॉ रजनीश श्रीवास्तव, विनोद मौर्या, सुधीर अस्थाना, हिमांशु शेखर सिंह, मनोज यादव, डॉ बीवी पांडे, अवनीश श्रीवास्तव के साथ स्वास्थ्य विभाग के तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। संचालन सलिल यादव ने किया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
मैं सोया और स्वप्न देखा कि जीवन आनंद है. मैं जागा और देखा कि जीवन सेवा है. मैंने सेवा की और पाया कि सेवा आनंद है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# भारत–रूस संबंध : मास्को का महत्व

आम तौर पर अमेरिका के साथ अपने संबंधों से खुश होने के विपरीत भारत रूस के साथ अपेक्षाकृत अपनी कम महत्वपूर्ण कूटनीति को मजबूत करने के लिए तैयार है। भारत और रूस के पुराने भाईचारे वाले संबंधों में लौटने को लेकर किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।

क्षेत्रीय और वैश्विक कूटनीति, रक्षा सहयोग, सुरक्षा मुद्दों पर एक साथ काम करने, आतंकवाद का मुकाबला और ऊर्जा जैसे कई क्षेत्र हैं, जिसके लिए तत्काल काम करने की जरूरत है। इस लिहाज से अगला पखवाड़ा महत्वपूर्ण है, जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन छह दिसंबर को नई दिल्ली में होंगे। अमूमन हर दिसंबर में दिल्ली या मास्को में दोनों देशों के शिखर नेताओं की मुलाकात होती ही है। कोविड के कारण सिर्फ पिछला साल इसका अपवाद था। रूस में महामारी तेजी के साथ लौट आई है और लगता है कि पुतिन भारत में सिर्फ कुछ घंटे बिताकर ही वापस लौट जाएंगे।

यह महत्वपूर्ण है कि उन्होंने अभी तक इस सम्मेलन को रद्द या स्थगित करने की बात नहीं कही है, जैसा कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन करने के लिए मजबूर हुए थे। हर भारतीय प्रधानमंत्री के साथ पुतिन के साथ अच्छे रिश्ते रहे हैं और मोदी के साथ चंद घंटे ही पर्याप्त हैं। इसका मतलब यह है कि अधिकांश काम शिखर सम्मेलन से पहले ही पूरे हो जाएंगे। दोनों पक्ष अभी वे मुद्दे तय कर रहे हैं, जिन पर शायद केवल चर्चा की जाएगी, ताकि पुतिन की यात्रा के दौरान उन पर सहमति बनाई जा सके।

महत्वपूर्ण बात है कि शिखर सम्मेलन से पहले ही भारत को एस–400 एयर डिफेंस सिस्टम की रूस से आपूर्ति शुरू हो चुकी है। यह लंबी दूरी तक दुश्मन के लड़ाकू विमानों और क्रूज मिसाइलों को निशाना बनाने की हमारी सैन्य क्षमताओं को बढ़ावा देगा। भारत ने अमेरिकी प्रतिबंधों की अनदेखी करते हुए 2018 में 5.43 अरब डॉलर की पांच एस–400 मिसाइल के लिए अनुबंध किया था। अमेरिका इस पर भारत के खिलाफ काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सेंक्शंस ऐक्ट (सीएएटीएसए) लागू करना चाहता था। लेकिन ऐसा लगता है कि भारत ने जो बाइडन प्रशासन के साथ, जिसने भारत की सुरक्षा चिंताओं के प्रति उल्लेखनीय समझदारी दिखाई है, यह मुद्दा सुलझा लिया है। अपने घनिष्ठ रणनीतिक संबंधों को देखते हुए अमेरिका इन प्रणालियों की खरीद से भारत को रोक भी नहीं सकता था। तब तो और नहीं, जब चीन के पास पहले से यह है, जिसे उसने तिब्बत में तैनात किया है और जिससे भारत को खतरा है।

शिखर सम्मेलन से पहले पांच दिसंबर को भारत और रूस के विदेश और रक्षा मंत्रियों के बीच (2़2) वार्ता होगी। इससे पहले भारत ने अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ ऐसी बातचीत की है, जिन्होंने क्वाड बनाया है। इसकी तत्काल आवश्यकता खासकर भारतीय सीमा पर चीन के रुख को लेकर पैदा हुई है। रूस के साथ ऐसी वार्ता भारत–रूस के स्थायी संबंधों के कारण महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि मास्को ने हाल ही में क्षेत्रीय मुद्दों, खासकर अफगानिस्तान पर दिल्ली के बजाय बीजिंग के साथ गठबंधन किया है। रूस ने हाल ही में भारत और पाकिस्तान द्वारा आयोजित सुरक्षा वार्ता में भी भाग लिया था। चीन अपने सहयोगी पाकिस्तान को महत्व देने के लिए भारत सरकार द्वारा आयोजित बैठक से दूर रहा।

लेकिन इस क्षेत्र में वास्तव में कोई भी अफगानिस्तान और अफगानिस्तान–पाकिस्तान के अनियंत्रित कबायली क्षेत्र (जो आतंकी गुटों की शरणस्थली रहा है) से पैदा होने वाले खतरे की अनदेखी नहीं कर सकता। तालिबान को खुद इस्लामिक स्टेट–खुरासन से खतरा है। यह खतरा इतना गंभीर है कि इसके चलते पांच मध्य एशियाई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार दिल्ली में बैठक करने आए।

भारत–रूस द्विपक्षीय व्यापार 8.1 अरब डॉलर तक पहुंचा है, जो क्षमता से निस्संदेह काफी कम है। लेकिन रूस 'मेक इन इंडिया' के तहत रक्षा क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा भागीदार है। चार प्रोजेक्ट 1135.6 फ्रिगेट का निर्माण और सह–उत्पादनय 100 प्रतिशत स्वदेशीकरण के माध्यम से दुनिया की सबसे उन्नत असॉल्ट राइफल–एके–203 का भारत में निर्माणय एसयू–30 एमकेआई और मिग–29 एस लड़ाकू विमानों की अतिरिक्त आपूर्तिय मैंगो गोला बारूद और वीएसएचओआरएडी प्रणाली की अतिरिक्त आपूर्ति एजेंडे में है।

पिछले तीन वर्षों में दोनों देशों ने तेल, प्राकृतिक गैस, ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाया है। इन सबको मजबूत करने की आवश्यकता होगी। आर्थिक सहायता अब मास्को से दिल्ली की तरफ एकतरफा नहीं है। पहली बार, भारत ने विशेष रूप से सुदूर पूर्व में उसके विकास में घरेलू व्यापार भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए रूस को एक अरब डॉलर की सॉफ्ट क्रेडिट लाइन की घोषणा की। भारत रूस को अलग–थलग नहीं देखता–यह यूरेशिया है। भू–राजनीति के अलावा, भू–अर्थशास्त्र भी काम कर रहा है। दोनों देश ईरान से होकर उत्तर–दक्षिण गलियारे के पूरक के लिए चेन्नई–व्लादिवोस्तोक पूर्वी समुद्री गलियारे को बढ़ावा दे रहे हैं। वे आर्कटिक क्षेत्र सहित उत्तरी समुद्री मार्ग पर भी काम कर रहे हैं, जिसमें भारत और रूस विशेष परामर्श कर रहे हैं।

रूस में भारत के दूत वी. बी. वेंकटेश वर्मा कहते हैं, 'यदि हम विशाल यूरेशियन महाद्वीप के विभिन्न भागों में तीन बड़े भू–राजनीतिक रुझानों को देखें, तो भारत की भागीदारी रूस के हितों के और भारत के अपने हितों के अनुरूप है। हमने जुड़ाव के नए रास्ते खोले हैं, जिनके प्रभाव को महीनों या वर्षों में नहीं, बल्कि दशकों में मापा जाएगा। हमारी रणनीतिक साझेदारी को मापने के लिए यही सही कालानुक्रमिक इकाई है।' वह जोर देकर कहते हैं कि भारत–रूस संबंध अमेरिका, चीन या किसी और के साथ भारत के संबंधों को प्रभावित नहीं करते हैं।

हाल के वर्षों में चीन के साथ भारत के संबंध बहुत खराब हुए हैं। ऐसे में भारत के लिए मास्को का महत्व समझ में आता है। पिछले साल नई दिल्ली और बीजिंग के बीच उसने मध्यस्थता की शांत कोशिश की थी, जब दोनों देशों ने अपनी–अपनी शर्तों पर लद्दाख गतिरोध का समाधान चाहा था। यह भारत–रूस संबंधों के कम चर्चित, लेकिन महत्वपूर्ण हिस्से का सार है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## अर्थव्यवस्था को 10 खरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य नई सरकार के हवाले : पहले 2025 तक तय था लक्ष्य

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 10 खरब डॉलर तक ले जाने की समयसीमा में बदलाव किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब यह लक्ष्य 2022–27 की पंचवर्षीय अवधि में हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। सरकार ने इस लक्ष्य को हासिल करने में सहयोग के लिए कंसलटेंट चयन की कार्रवाई नए सिरे से शुरू करने के निर्देश दिए हैं। केंद्र सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को अगले पांच वर्ष में 50 खरब डॉलर (5 ट्रिलियन डॉलर) तक ले जाने का एलान किया था। इसके बाद मुख्यमंत्री ने इसमें 10 खरब डॉलर का योगदान यूपी से करने का लक्ष्य तय किया था। इसके लिए आईआईएम लखनऊ के साथ पूरे मंत्रिमंडल व शासन के अधिकारियों ने अध्ययन किया और इस लक्ष्य को पाने में सहयोग के लिए एक कसंलटेंट चयन का फैसला किया था। 2019 में इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए 2020–25 की कार्यावधि तय की गई थी। मगर इसी बीच कोविड महामारी से बचाव के लिए लगाए लॉकडाउन से अर्थव्यवस्था बेपटरी हो गई, जो अब तक पूरी तरह से रफ्तार नहीं पकड़ पाई है। शासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बीच में इस लक्ष्य के लिए समयसीमा बढ़ाने का प्रस्ताव हुआ तो मुख्य सचिव ने इसे 2021–26 करने का सुझाव दिया। लेकिन जब यह प्रस्ताव सीएम के पास सहमति के लिए गया तो उन्होंने इसे 2022–27 तक करने की सहमति दी। दरअसल, यह विधानसभा चुनाव बाद नई सरकार की पंचवर्षीय कार्य अवधि है। उन्होंने इसी आधार पर कंसलटेंट चयन के लिए प्री–बिड कार्रवाई आगे बढ़ाने को मंजूरी दी है। पूर्व में यह कार्रवाई शुरू की गई थी, जिसे निरस्त करना पड़ा था। अब कंसलटेंट चयन की कार्यवाही मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली उच्चाधिकार प्राप्त समिति करेगी। मुख्य सचिव ने इस समिति के सहयोग के लिए एक उप समूह के गठन का आदेश दिया है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में यह उप समूह गठित किया गया है।उप समूह में ये शामिल अध्यक्ष– संजीव कुमार मित्तल, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त। सदस्य– अपर मुख्य सचिव कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव लोक निर्माण नितिन रमेश गोकर्ण, प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा अमृत अभिजात, डीएम गोरखपुर विजय किरन आनंद, डीएम बाराबंकी आदर्श सिंह और डीएम संतकबीरनगर दिव्या मित्तल। इसके अलावा एक विशेष आमंत्रित सदस्य– नामित अर्थशास्त्री।

## काशी से विंध्याचल धाम तक उमड़ी आस्थावानों की भीड़

वाराणसी ब्यूरो : नववर्ष के पहले दिन काशी से विंध्याचल तक मंदिरों में आस्था का सागर उमड़ पड़ा। भारी ठंड भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं कर पाई और लोग मंदिरों में कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। काशी विश्वनाथ धाम, कालभैरव मंदिर, संकटमोचन मंदिर से लेकर विंध्याचल मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। वर्ष भर मंगल की कामना के साथ लोग भगवान के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। अन्य मंदिरों में आज भक्त पूजा अर्चना करने पहुंच रहे हैं। नववर्ष के दिन शनिवार पड़ने के कारण भक्तों की संख्या ज्यादा है। पुराने साल के बाद शनिवार की नई सुबह और नए दिन के साथ नए साल का जश्न, उल्लास भी शुरू हो गया है। वाराणसी में श्रद्धालुओं के हुजूम को देखते हुए बाबा विश्वनाथ के झांकी दर्शन की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही गोदौलिया से मैदागिन तक जगह–जगह पुलिस तैनात की गई है। शनिवार सुबह काशी कोहरे के चादर में लिपटा रहा। सूरज की सुनहरी चमक दिनभर देखने को नहीं मिली। मगर, फिर भी लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। काशी विश्वनाथ धाम में बाबा की मंगला आरती के बाद से ही आस्थावानों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। मंदिर प्रशासन के अनुसार सुबह 10 बजे तक 50 हजार से ज्यादा शिवभक्तों ने झांकी दर्शन किया। काशी विश्वनाथ धाम की निराली शोभा को देखकर हर मन हर्षित हो उठा। काल भैरव मंदिर, संकटमोचन, दुर्गाकुंड, बीएचयू विश्वनाथ, शूलटंकेश्वर महादेव समेत अधिकांश मंदिरों में दर्शन–पूजन के लिए भक्तों की कतार लगी है। विंध्याचल स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर में नए वर्ष पर भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण चरण स्पर्श पर रोक लगी है। शनिवार सुबह से ही श्रद्धा का सैलाब ऐसा है कि जैसे नवरात्र हो। हर तरफ भक्त जयकारा लगाते हुए मंदिर की तरफ बढ़ रहे हैं। दूर–दूर से पहुंचे भक्त मां विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन कर रहे है। श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा के गर्भगृह में ड्यूटी करने






वाले पुलिसकर्मियों के लिए मंदिर प्रशासन ने खड़ाऊं के इंतजाम करवाए हैं। पुलिस के लिए जूता–चप्पल रखने का इंतजाम मंदिर के बाहर किया गया है। इसके साथ ही ठंड को देख भक्तों की सहूलियत के लिए मंदिर परिसर के चारों ओर मैट बिछाया गया है। काशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण के उपलक्ष्य में शनिवार को 1001 शंखनाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों और शंखवादकों में गजब का उत्साह देखने को मिला। पूरा माहौल आध्यात्म और शिवमय हो गया।नए साल का जश्न मनाने के लिए गौतमबुद्ध की उपदेश स्थली से महामना की कर्मस्थली तक उत्सव का नजारा दिखा। गंगा पार रेती से बहरी अलंग तक हवा में लहराते, ऊंची छलांग लगाते नए आस और विश्वास के साथ कदम बढ़े। हर तरफ जोश जुनून और उत्सव के रंग छाए। नए साल का जश्न वैसे तो बनारस के हर हस्से में मनाया जा रहा है लोकिन गंगा उसपार का जश्न कुछ खास है। गंगा उसपार रेती पर आज मेले जैसा माहौल है। लोगों का हुजूम उमड़ा है।

## मिर्जापुर की बेटी का केस लड़ेंगी निर्भया की अधिवक्ता : बोलीं– पीड़ित परिवारों को कानून की जानकारी नहीं होती

वाराणसी ब्यूरो : नई दिल्ली की निर्भया का केस लड़ने वाली अधिवक्ता सीमा समृद्धि ने कहा कि मिर्जापुर में नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म का केस लड़ेंगी। सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा समृद्धि कुशवाहा ने शुक्रवार को एक होटल में अमर उजाला से बातचीत में कहा कि पीड़ित परिवारों को कानूनी जानकारी नहीं मिलने से दुष्कर्म के आरोपी बच जाते हैं। उन्होंने कहा, कानून में सुधार की आवश्यकता है। दुष्कर्म के पीड़ित परिवार को चार्जशीट दाखिल होने के बाद जानकारी मिलती है, वह जानकारी पहले होनी चाहिए। ताकि वह सही ढंग से मुकदमा पंजीकृत करवा सकें। सीमा समृद्धि ने बताया कि जब कोर्ट में केस पहुंचता है, तब उन परिवारों को समस्या होती है। इसी का लाभ लेकर अपराधी छूट जाते है। दुष्कर्म के 70 प्रतिशत मामलों में पीड़िता अपने साथ दुष्कर्म हुआ न कहकर बल्कि गलत हुआ कहती हैं। मिर्जापुर केस



में उन्होंने कहा कि दिल्ली में रहकर यहां का केस लड़ना मुश्किल तो है, लेकिन नामुमकिन भी नहीं है। अपराधियों को फांसी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्भय केस के बाद सरकार ने कानून में बदलाव तो जरूर किया है लेकिन उसे लागू नहीं करा पा रही है। अधिवक्ता सीमा समृद्धि ने कहा कि दुष्कर्म केस में समय बहुत लगता है। ऐसे केसों को पूरे देश में फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाकर त्वरित निस्तारण करना चाहिए। उन्होंने बताया कि दुष्कर्म से जुड़े मुकदमे वह फ्री में लड़ती हैं और आरोपियों को सजा दिलवाती है।

## पत्नी के मायके जाने से आहत युवक ने लगाई फांसी

अलीगढ़ ब्यूरो : बन्नादेवी क्षेत्र के बीमा नगर में शुक्रवार को पत्नी के झगड़ाकर मायके जाने के बाद युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया है। नई बस्ती का दीपक (29) छह साल मसूदाबाद की युवती से प्रेम विवाह करने के बाद बीमा नगर में किराए पर रहता था। दंपती के तीन बच्चे हैं। वह नशे का आदि था। इसे लेकर दंपती में झगड़े होने लगे थे। बृहस्पतिवार रात भी इसी बात पर झगड़ा हुआ और वह बच्चों को लेकर मायके चली गई। इसी बीच रात में दीपक ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह मकान मालिक ने देखा तो दंग रह गया। खबर देकर पुलिस बुला ली और परिवार भी बुला लिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया । पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिवार को सौंप दिया है। परिवार ने किसी तरह की शिकायत लिखित में नहीं दी है।

आप सभी प्रदेश एवं जनपद वासियों को नव वर्ष 2022 मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं

अनिल टेन्ट हाउस एण्ड डेकोरेटर्स

प्रो0–अनिल सोनकर, सुजीत सोनकर

मो0–9450208642 मो0–7081029744

अनिल कॉमन सर्विस सेन्टर

प्रो0–सर्वेश कुमार सोनकर मो0– 7398421050,7800842006

पता– कुकुहां मोड़ पुराना थाना बमैला गौराबादशाहपुर जौनपुर

## गरीब बच्चों महिलाओं एवं पुरुषों को पुराने कपड़ों का किया गया वितरण

आर एल पाण्डेय लखनऊ। ठंड के इस मौसम में गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति, विभिन्न खण्डों में झोपड़पट्टी में रहने वाले अत्यंत गरीब व्यक्तियों के लिए पुराने कपड़ों के वितरण का कार्य नियमित रूप से करती आ रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 31 दिसंबर 2021 को शाम 6:00 बजे गोमती नगर जनकल्याण महासमिति एवं इससे संबद्ध विभूति खंड जन कल्याण समिति द्वारा गरीब बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों को पुराने कपड़ों का वितरण किया गया, जिसमें 50 से अधिक संख्या में गरीब बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों को पुराने कपड़े, पुराने ऊनी कपड़े एवं पुरानी चादर इत्यादि दिया गया। इस अवसर पर गोमती नगर जन कल्याण महासमिति के महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ल, सचिव डॉ. पशुपति पाण्डेय, जी सी नायर, आलोक मिश्रा, विनम्र खंड 3 के




अध्यक्ष के. एस. त्रिपाठी, विभूति खंड जनकल्याण समिति के सचिव मनोज कुमार शुक्ला, श्रीमती अलका शुक्ला एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाएं महिलाओं को पहुंचा रहीं हैं लाभ : कांता कर्दम

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष्ज्ञ कुमार सक्सेना : भाजपा की राज्यसभा सांसद कांता कर्दम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही योजनाएं महिलाओं को सब प्रकार से लाभ पहुंचा रहीं हैं। ब्लॉक सभागार में आयोजित भाजपा महिला कार्यशाला में राज्य सभा सांसद कांता कर्दम ने बताया कि भाजपा ने अनुसूचित जाति,पिछड़े वर्ग के हित में अनेक कार्य किए हैं। अनुसूचित जाति,पिछड़ा वर्ग के लोग भी भाजपा का बड़ी संख्या में समर्थन कर रहे हैं । राज्यसभा सांसद ने कहा कि एससीएसटी एक्ट में बदलाव को लेकर हुए आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लेने का सरकार से उन्हें आश्वासन मिला है । केंद्र की भाजपा सरकार ने घोषणा की है, कि पैसों के अभाव में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों का खर्च केंद्र सरकार वहन करेगी । बनारस में संत रविदास का भव्य मंदिर बनाया है। कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वहां पहुंच कर पूजा अर्चना की है। कांता कर्दम ने कहा कि आज मोदी और योगी सरकार की योजनाएं हमारे समाज के कमजोर निर्बल लोगो के लिए सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, निशुल्क बिजली कनेक्शन सौभाग्य योजना, जन धन योजना ,आयुष्मान योजना, उज्जवला योजना, शौचालय निर्माण योजना का लाभ आज हमारे समाज को मिल रहा है। कहा कि अभी तक सपा, बसपा, कांग्रेस और अन्य राजनैतिक दल हमें सिर्फ अपना वोट बैंक समझता था, लेकिन हमारे दर्द को सिर्फ नरेंद्र भाई मोदी ने समझा और आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी में जितना सम्मान आज हमारे समाज के लोगों को मिल रहा है। आज हमारे समाज से भारत के सर्वोच्च पद पर बैठे देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद है। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून का




राज स्थापित किया है। रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य किए जा रहे हैं ।क्षेत्रीय विधायक रजनी तिवारी ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अनुसूचित बस्तियों में विकास कार्य कराए हैं।और पिछड़े वर्ग के लोगों को लाभान्वित किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि भाजपा ने सबका साथ सबका विकास का नारा बुलंद करते हुए महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख,भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष रोली नवनीत गुप्ता की अध्यक्षता में हुई महिला कार्यशाला में उन्होंने कहा कि सरकार की लाभदाई योजनाओं से समाज के सभी वर्गों की महिलाओं को लाभ मिल रहा है। इस कार्यशाला में महिला सत्संग मण्डल की प्रमुख उमा सक्सेना,राधा गोपाल त्रिपाठी,कृति वर्मा,कोमल गुप्ता,श्वेता पांडेय,रेखा त्रिपाठी,पम्मी सिंह,मंजू,सीमा सहित आसपास के नगरीय व ग्रामीण इलाकों की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

## आचार संहिता से पहले 20 लाख छात्रों की शुल्क भरपाई : ऑनलाइन आवेदनों की जांच में तेजी

लखनऊ ब्यूरो : चुनाव आचार संहिता लगने से पहले उत्तर प्रदेश के 20 लाख छात्रों को शुल्क की भरपाई कर दी जाएगी। इसके लिए समाज कल्याण विभाग तैयारियों में जुट गया है। ऑनलाइन आवेदनों की तेजी से जांच की जा रही है। प्रदेश में छात्रवृत्ति और शुल्क भरपाई के लिए अभी तक 73 लाख छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। इनमें से 33 लाख से ज्यादा के आवेदन शिक्षण संस्थानों के स्तर से फॉरवर्ड कर दिए गए हैं। पहले दो चरणों में 13.68 लाख छात्रों को 458.66 करोड़ रुपये का भुगतान हो चुका है। राज्य सरकार एससी–एसटी छात्रों को ढाई लाख रुपये तक और अन्य वर्गों के लिए दो लाख रुपये तक सालाना आय होने पर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की सुविधा देती है। जिन छात्रों का डाटा अब तक शिक्षण संस्थानों ने फॉरवर्ड कर दिया है, उनके खातों में 3–6 जनवरी के बीच राशि भेज दी जाएगी। समाज कल्याण निदेशालय के अधिकारियों का कहना है कि जनवरी के दूसरे सप्ताह में आचार



संहिता लगने की उम्मीद है। इसको ध्यान में रखते हुए प्रयास है कि 3–6 जनवरी तक 20 लाख और छात्रों के खातों में योजना की राशि भेज दी जाए। इसके लिए डाटा की जांच के साथ ही बिल वाउचर तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके बाद जो छात्र बचेंगे, उन्हें चुनाव आयोग से अनुमति पर भुगतान हो सकेगा।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा हर्ष जाहिर कर ताइक्वांडो टीम का किया गया अभिवादन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा हर्ष जाहिर करते ताइक्वांडो टीम का अभिवादन किया गया और बच्चो का मनोबल बढ़ाते हुए कहा गया कि बच्चों ने जनपद का मान बढाया है। इन बच्चों से प्रेरणा लेना चाहिए कि इरादा पक्का और अपने कार्य के प्रति समर्पण है तो कुछ भी असम्भव नहीं है। जौनपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन की टीम मुगलसराय के चंदौली में आयोजित फर्स्ट इंडो नेपाल इंटरनेशनल ताइक्वांडो में जौनपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 गोल्ड मेडल, 3 सिल्वर मेडल, 5 ब्रांज मेडल हासिल कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी सौभाग्य साहू, प्रज्ञा तिवारी, शिवानी पांडेय, प्रगति तिवारी, मोहम्मद आरिफ ने जीता। सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी अभिषेक, कृतार्थ गुप्ता, अंकिता गुप्ता, ब्राज मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी सायन खान, नूर मोहम्मद, अंकित




मिश्रा, अश्विन पांडेय, विशाल गुप्ता रहे। प्रशिक्षण टीम कोच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संजीव कुमार साहू ने रहे। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन पर टीम मैनेजर शुभम गुप्ता ने प्रसन्नता जाहिर की और बताया कि 30 दिसंबर को देर रात टूर्नामेंट समाप्त होने पर पूरी टीम 31 दिसंबर 2021 को अपने जनपद में वापस आई। जनपद में आने पर निखिल सिंह, रोहित सहित सभी अभिभावको द्वारा बच्चों का स्वागत एवं अभिवादन किया।

# जिले में तीन जनवरी से 15 से 18 साल के बच्चों का शुरू होगा कोविड टीकाकरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद में 15 से 18 वर्ष के 3,15,205 किशोर–किशोरियों का कोविड टीकाकरण नए साल की शुरुआत में तीन जनवरी से शुरू होगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की कोविन पोर्टल पर तैयारी चल रही है । जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा दिये गए दिशा–निर्देशानुसार जनपद में तीन जनवरी से किशोर–किशोरियों का कोविड टीकाकरण शुरू किया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने टीका, सिरिंज समेत सभी लाजिस्टिक्स की व्यवस्था कर ली है। इस टीकाकरण के लिए कोविन पोर्टल पर टीकाकरण सत्र तैयार किए जा रहे हैं। 15 से 18 वर्ष की उम्र के लोगों के लिए अलग से कोविड वैक्सीनेशन सेंटर (सीवीसी) बनाए जा रहे हैं। इन्हीं सीवीसी के तहत कोविन पोर्टल पर टीकाकरण अपलोड किया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि 10 जनवरी से हेल्थ केयर वर्कर तथा फ्रंटलाइन वर्कर के साथ 60 वर्ष से अधिक उम्र के कोमार्विड लोगों को प्रीकाशन डोज (एहतियाद टीका) दी जाएगी द्य इसके लिए भी सारी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। फ्रंटलाइन वर्कर के अंतर्गत आने वाले चुनाव की ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। इन लोगों को प्रीकाशन डोज लगवाना अनिवार्य है। यूएनडीपी के वैक्सीन एवं कोल्ड चेन मैनेजर शेख अबजाद ने बताया कि टीम रात–दिन कोविन पोर्टल पर काम कर रही है। शेख अबजाद ने बताया कि एक जनवरी को सभी सीवीसी कोविन पोर्टल पर प्रकाशित कर दिए जाएंगे जिसमें आनलाइन बुकिंग के लिए स्लाट उपलब्ध होंगे। इसके अलावा वैक्सीनेशन सेंटर पर भी बिना आनलाइन बुकिंग के जाने पर भी स्वास्थ्यकर्मी आनस्पाट रजिस्ट्रेशन करके तुरंत टीका लगा देंगे। – कोविड टीकाकरण के मामले में जौनपुर ग्रीन जोन में आया। जौनपुर – कोविड टीकाकरण में जौनपुर ग्रीन जोन में आ चुका है। लक्ष्य का 90 प्रतिशत टीकाकरण उपलब्धि हासिल करने के बाद ही जनपद ग्रीन जोन में आता है। इस समय प्रदेश के 20 जनपद इस श्रेणी में आ चुके हैं। जनपद में 18 वर्ष से अधिक उम्र की आबादी 34,26,408 है। इसमें से करीब 31 लाख लोगों को टीके की पहली डोज (90.5:) का टीकाकरण लक्ष्य पूर्ण करके जनपद ग्रीन जोन में आ चुका है, जिसमें जनपद प्रदेश में चौथे स्थान पर है। अब तक 48,70,000 कुल डोज लगाई जा चुकी हैं। जनपद में 51 प्रतिशत से अधिक लोगों को टीके की दूसरी डोज भी लगाई जा चुकी है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह ने जनपदवासियों से अपील की है कि यदि कोई भी प्रथम डोज से वंचित है तो वह अपना टीकाकरण अवश्य करवा लें। इसके साथ ही जिन लोगों का दूसरी खुराक लगवाने का समय आ गया है, वह अपनी दूसरी खुराक अवश्य लगवा लें।

# 750 बढ़ाकर 15 सौ करने की घोषणा से आशा कार्यकर्ताओं ने जाहिर की खुशी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आशा कार्यकर्ता और आशा संगिनी के मामले में राज्य का हिस्सा 750 बढ़ाकर 15 सौ करने की घोषणा से आशा कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता जरूर व्यक्त किया है। लेकिन उन्होंने इस बढ़ोत्तरी को ऊंट के मुंह में जीरा की कहावत बतारा है! ग्राम पंचायत नकहरा खान देव की आशा कार्यकर्ता सुमन सिंह ने खुशी का इजहार करते हुए बताया कि बढ़ोतरी मानदेय पंद्रह सौ रुपया हम लोगों के लिए बहुत ही कम है। दिन – रात वारिस से लेकर शीत,गर्मी ऋतु में हम लोग कड़ी मेहनत करते हैं। कड़ी मेहनत के सापेक्ष मानदेय तकरीबन 10000 तक होना चाहिए। सरकार को इस पर भी मनन चिंतन करने की जरूरत है। डड़वा गांव की आशा कार्यकर्ता सुषमा यादव ने बताया कि घर से मेरे अस्पताल की दूरी 16 किलोमीटर है हम लोग कड़ी मेहनत करते हैं। कोरोना काल में भी जिस हिसाब से आशा कार्यकर्ताओं ने मेहनत किया है उसका परिणाम सिफर निकला है। सरकार ने जो मानदेव 750 से बढ़ाकर 15 रूपये तक करने की घोषणा किया है ! यह बहुत ही कम है आशा कार्यकर्ताओं को 10000 कम से कम मानदेय मिलना चाहिए।

# उपजिलाधिकारी की कार्य प्रणाली से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने किया तहसील में हंगामा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उपजिलाधिकारी ज्योती सिंह की कार्य प्रणाली से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने साल के पहले दिन तहसील में हंगामा व नारेबाजी किया ।अधिवक्ताओं ने सात सुत्रीय मांगों का ज्ञापन सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आये अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश को सौंपा ।ए डी एम के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ ।वकील न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं का आरोप है कि उपजिलाधिकारी अधिवक्ताओं व वाद कारियों का न तो सम्मान करती न समस्या के निस्तारण में रुचि ही लेती हैं ।जिसके कारण विवाद बढ़ रहे हैं ।अधिवक्ता शिव कुमार के प्रकरण में धारा 133 के अंतर्गत आदेश के बाद भी रास्ता खाली नहीं हुआ ।अधिवक्ता के ऊपर हमला हुआ ।धारा 24,धारा 116,धारा 67,धारा 144 एवं 34 का समय से निस्तारण नहीं होता ।आदेशों की फीडिंग बिना सुविधा शुल्क के नहीं होती ।तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ता एक सप्ताह से न्यायिक कार्य से विरत हैं ।इस अवसर पर अध्यक्ष कुंवर भारत सिंह,महामंत्री अवनींद्र दुबे,दिनेश चंद्र सिन्हा,जगदंबा प्रसाद मिश्र,सरजू विन्द,शिव प्रताप मिश्र,विनय पाण्डेय,राम आसरे दुबे,आर पी सिंह,यज्ञ नारायण सिंह,जय प्रकाश दुबे,प्रेम बिहारी यादव,विकास यादव,हरि नायक तिवारी,बाबू राम सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित थे।

# चित्रांश भवन पर आचार्य अशोक का मनाया गया जन्मोत्सव

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मित्र परिवार की ओर से चित्रांश भवन पर भगवान भोलेनाथ के अनन्य भक्त ,वेदों के आधार पर अपनी बात को बेबाकी से रखने वाले सनातन धर्म के प्रखर वक्ता शिव सत्संग मंडल के परमाध्यक्ष आचार्य अशोक का जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया ।प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रभाकर बाजपेई ने कहा कि भगवान भोलेनाथ सदा आचार्य जी को स्वस्थ एवं आनंदित रखे। आप सदा इसी प्रकार स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से सनातन धर्म को शक्तिदाई ऊर्जा से जगाने का कार्य करते रहें ।जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य रूप से जूनियर शिक्षक संघ के जिला महामंत्री संतोष अग्निहोत्री , वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी अम्बरीष कुमार सक्सेना, क्रांतिकारी ऊर्जावान व्यक्तित्व के धनी वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज श्रीवास्तव , वरिष्ठ



भाजपा नेता करुणा शंकर मिश्र , शिक्षक नेता इमरान खां , योग प्रशिक्षक योगेंद्र यादव,मोटिवेशनल शिक्षक अंकित सक्सेना , योग प्रशिक्षक सत्यम सक्सेना , सुखदेव अग्निहोत्री , अत्यंत प्रिय ऊर्जावान भाई चित्रांश मोहित श्रीवास्तव मासूम आदि मित्र परिवार के सदस्य मौजूद रहे।


सभी जनपद वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

– डा० के० के० दूबे
चीफ फार्माशिष्ट सी एच सी बल्दीराय
सुलतानपुर,उत्तर प्रदेश

सभी जनपद वासियों को नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं



– ब्रिजेन्द्र अग्रहरि
अग्रहरि वस्त्रालय एवम रेडीमेट सेंटर वलीपुर बाजार, सुलतानपुर
फोन– 9140376249

सभी जनपद वासियों को नव वर्ष 2022 मंगलमय हो



रमेश कुमार श्रीवास्तव,
एडवोकेट
सिविल कोर्ट
सुलतानपुर उ० प्र०

सभी जनपद वासियों को नव वर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं






प्रो0–राकेश कुमार उर्फ खुन्नु तिवारी
प्रयाग एजेन्सी बंधवा महमूदपुर सुलतानपुर
पशु आहार, अचार, मुरब्बा , अगरबत्ती , बैटरी इन्नवरटर आदि के थोक विक्रेता ।

सभी जनपद वासियों को नव वर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं



–सन्तोष कुमार यादव
ग्राम प्रधान
धोबौली
ब्लॉक बेलघाट,
गोरखपुर

सभी जनपद वासियों को नव वर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं



–जियाउद्दीन उर्फ गुड्डू
ग्राम प्रधान बभनपुरा
,कुई बाजार
बेलघाट , गोरखपुर

सभी जनपद वासियों को नव वर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं



–अनिल कुमार गौड़ यशस्वी ग्राम प्रधान, रामडीह,
उरुवा ब्लॉक,
गोरखपुर

समस्त देशवासियों को नव वर्ष मकर संक्रांति गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई



–कृष्णा गोंड़
( समाज सेवी) एवं के .के. पैथ लैब
गोला ,गोरखपुर,
उत्तर प्रदेश

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



ई0 शारदा राम
अधीक्षण अभियन्ता यान्त्रिक
(सेवा निवृत्त)
लखनऊ

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



– ई0 राजकुमार पाण्डेय
अधिशासी अभियन्ता(या0)
लघु डाल नहर खण्ड, जौनपुर

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई



–ई. विजय कुमार
सहा0 अभियन्ता
( यान्त्रिक )
नलकूप खण्ड,
बलरामपुर, उ0प्र0

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई



–निर्भय राम
अवर अभियंता
नलकूप खण्ड,
जौनपुर

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



–ई0 अरुण कुमार सिंह
मुख्य अभियन्ता
(सेवा निवृत्त)
लखनऊ

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई



–ई0 चन्द्रशेखर आजाद
अधीक्षण अभियन्ता
(सेवा निवृत्त)
वाराणसी

आप सभी जनपद व प्रदेश एवं देश वासियों को नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं



–अशोक कुमार राय
जिलेदार
(सेवा निवृत्त) जनपद–भदोही

आप सभी जनपद व प्रदेश एवं देश वासियों को नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं



–बृजेश कुमार श्रीवास्तव
अध्यक्ष ,मुन्शी संघ, सिंचाई विभाग जौनपुर

आप सभी जनपद व प्रदेश एवं देश वासियों को नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं



–ई0 एस.के.उपाध्याय
अधीक्षण अभियन्ता
(सेवा निवृत्त)

डॉक्टर अंकित त्रिपाठी (समाजसेवी) एवं गायत्री मेडिसिन सेंटर उरुवा बाजार की तरफ से सभी क्षेत्र वासियों को नववर्ष मकर संक्रांति एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई और ईश्वर से प्रार्थना है कि इस कोविड–19 कोरोना महामारी में आम जनमानस के जीवन की रक्षा करें एवं आने वाला वर्ष खुशियों से भरा हो,यही मंगल प्रार्थना है।



डॉ चंद्रभान गोंड़ चेयरमैन पद के भावी प्रत्याशी नगर पंचायत गोला व जिला अध्यक्ष गोंडवाना गणतंत्र पार्टी गोरखपुर की तरफ से क्षेत्र एवं जनपद वासियों को नववर्ष मकर संक्रान्ति एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई और ईश्वर से प्रार्थना है कि इस कोविड–19 कोरोना महामारी में आम जनमानस के जीवन की रक्षा करें तथा आने वाला वर्ष खुशियों से भरा हो,यही मंगल कामना है।



सजय तिवारी (समाजसेवी )एव के. वी. मेमोरियल हॉस्पिटल गोला रोड ,उरुवा बाजार, गोरखपुर की तरफ से नव वर्ष मकर संक्रान्ति एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई तथा ईश्वर से प्रार्थना है कि इस कोविड–19 कोरोना महामारी में आम जनमानस के जीवन की रक्षा करें और आने वाला वर्ष खुशियों से भर दें।



# यूपी का रण : तो गुगली झेलेंगे प्रत्याशी : आगरा मथुरा और फिरोजाबाद के मतदाताओं ने कही मन की बात

लखनऊ ब्यूरो : मतदाताओं के दिल की बात पढ़ने से पहले एक छोटी सी झलक चुनाव समर भूमि की। आगरा की सभी 9 सीटों पर केसरिया परचम फहराया था। फिरोजाबाद की पांच सीटों में से महज एक सिरसागंज सपा जीत पाई थी, बाकी जगहों पर भाजपा ही जीती। मथुरा की पांच सीटों में से सिर्फ मांट में बसपा जीती, बाकी पर भाजपा ने ही कब्जा कर लिया था। जाहिर है भाजपा के सामने अपना प्रदर्शन दोहराने की चुनौती है। तो सपा–रालोद गठबंधन, बसपा और कांग्रेस के दमखम का भी इम्तिहान होगा। आगरा छावनी : मेट्रो छोड़ डबल इंजन सरकार से कुछ नहीं मिला ताज के पास पूर्वी गेट पार्किंग शिल्पग्राम के बाहर चाय की दुकान पर बैठे गौरव चौहान कहते हैं कि आगरा के हिस्से केवल मेट्रो आई। पर्यटन के विकास के लिए कोई काम नहीं किया गया। उनकी हां में हां मिलाते हैं राहुल चतुर्वेदी। वह कहते हैं कि कोरोना काल में पर्यटन से जुड़े चार लाख लोगों को मदद की जरूरत थी, लेकिन न बिजली बिल माफ किया और न गृहकर। बंद होटलों का बिल देने के लिए लोगों को ज्वैलरी बेचनी पड़ी। संजीव जैन, नंदू गुप्ता कहते हैं कि आगरा की उपेक्षा इन चार सालों में जितनी हुई, उतनी कभी नहीं हुई। योगी सरकार के पर्यटन मंत्री को आगरा में किसी ने देखा तक नहीं। न म्यूजियम के लिए पैसा दिया, न ओरिएंटेशन सेंटर के लिए। रिवर फ्रंट सिर्फ घोषणा बनकर रह गई। आगरा दक्षिण : एसएन मेडिकल कॉलेज को एम्स बनाने का वादा अधूरा केदारनगर में मोमोज की स्टाल पर बैठे विकास श्रीवास्तव कहते हैं कि पिछले चुनाव में घर–घर गंगाजल और सीवर कनेक्शन का वादा किया गया था, लेकिन घरों में न गंगाजल पहुंचा, ना ही सीवर लाइन जुड़ पाई है। हर गली हर सड़क खोदकर छोड़ दी है। पांच साल पहले और अब की सड़कों में बड़ा फर्क है। दुकानदार मुन्नालाल कहते हैं कि एसएन मेडिकल कॉलेज को एम्स बनाने का वादा आज भी अधूरा है। कोठी मीना बाजार में शिवाजी महाराज की प्रतिमा और भव्य स्मारक बनाया जाना था, लेकिन नहीं बन सका। आगरा उत्तर : बड़ा सवाल यही, अग्रवाल या खंडेलवाल चुनाव से पहले यहां अग्रवाल बनाम खंडेलवाल का विवाद गहरा गया है। अग्रवाल समाज भाजपा से अग्रवाल प्रत्याशी को ही उतारने की मांग कर रहा है। कमलानगर के श्रीराम चौक पर पान की दुकान पर सतेंद्र अग्रवाल कहते हैं कि क्षेत्र का विकास हुआ है, लेकिन व्यापारियों को राजनीति में अपनी भागीदारी चाहिए। अग्रवाल प्रत्याशी उतारना होगा। वहीं, प्रदीप डम्बला का कहना है कि कमला नगर का विकास मेयर के चलते हुआ है, विधायक के कारण नहीं। सचिन चतुर्वेदी के मुताबिक कमलानगर में थाना बन गया, पर व्यापारियों की सुरक्षा अब भी भगवान भरोसे है। एत्मादपुर : मुफ्त राशन की खुशी, महंगाई और छुट्टा पशुओं से रोष एत्मादपुर के सवाई गांव में मिले जनक सिंह, सूरज जादौन, हरिमोहन प्रजापति कहते हैं कि मुफ्त राशन ने लोगों को राहत दी है। वहीं, सुमित सेन, टेक चंद्र और प्रेमप्रकाश कहते हैं कि महंगाई बहुत बढ़ गई है। छुट्टा पशुओं से खेती बर्बाद हो रही है। किसान, ग्रामीण परेशान हैं। स्टेशन रोड पर मिले माधवेन्द्र नाथ सिंह, राधा मोहन, संदीप कहते हैं कि कानून–व्यवस्था दुरुस्त हुई है। सम्मान निधि से किसानों को मदद मिली है। वहीं, अजीम, हाविद ने कहा कि महंगाई से लोग परेशान हैं। खेरागढ़ : खेती और किसान की जो करेगा बात, उसी का देंगे साथ खेरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव भिलावली में दोपहर करीब तीन बजे कुछ ग्रामीण चुनावी चर्चा में मशगूल नजर आए। रूपकिशोर कहते हैं, सबसे ज्यादा किसान परेशान हैं। छुट्टा जानवरों ने पूरी दिनचर्या ही बदलकर रख दी है। इनकी संख्या बढ़ती ही जा रही है। बाड़ लगाने, दिन–रात रखवाली के बाद भी फसलें नहीं बच रही हैं। खेती और किसानों के हित की जो बात करेगा, किसान व ग्रामीण उसका ही समर्थन करेंगे। मथुरा प्रसाद कहते हैं कि काम तो सभी सरकारें करती हैं, किसी का ज्यादा दिखता है और किसी का कम। वहीं, हरिओम शुक्ला कहते हैं कि नेता तो साफ छवि का होना चाहिए। बाह : गइयन ने मारि डारौ बाह में सर्द मौसम में खेती के साथ धूप सेंकते हुए चुनावी चर्चाएं जोर पकड़ने लगी हैं। चौरंगाहार (बाह) गांव की चौपाल पर किसान बैठे दिखे। चर्चा छेड़ते ही कहने लगे, गइयन ने किसान मारि डारौ, ठंड–कोहरो देखे बिना खेत रखाये, तोऊ आलू, सरसों, गेहूं के खेत उजाड़ के धारि दये। चौपाल में मुंशी सिंह ने कहा कि साल भर ते गोशाला कौ हल्ला मचौ है, बनि ना पाई, सरकार गोशाला कौ इंतजाम करें, नहीं तो किसान मिट जागौ। श्रीकृष्ण, रघुनाथ, राम बिलास सिंह, भारत सिंह, लक्ष्मी नारायन, भूप सिंह, धीर सिंह, गोविंद सिंह सरकार से गोशाला बनाने की गुहार लगाते हैं। फतेहपुर सीकरी : मांग रहे महंगाई और घुमंतू पशुओं से निजात ग्राम दूरा में एक स्थान पर जुटे महावीर सिंह, गिरराज सिंह, अजीत कुमार, हरीश कुमार, कृष्ण पाल सिंह, रामेश्वर सिंह, वजीर खान, अमरजीत कहते हैं कि महंगाई ने सभी को परेशान कर रखा है। ग्राम नगला दधिराम में गुलाब बघेल, नरोत्तम शर्मा, विक्रम सिंह, अवधेश शर्मा, रामेंद्र शर्मा, भूपेंद्र सिंह अलाव तापते मिले। इनमें से कुछ लोगों ने मौजूदा सरकार को अच्छा बताया तो कुछ लोग बिजली, पानी की समस्या पर बहस करने लगे। फतेहाबाद : खाद और बिजली मिले गांव बादशाह की मड़ैया में बैठे किसानों के बीच ऐसी ही चर्चा होती दिखी। कोई महंगाई बढ़ने से आ रही परेशानी का जिक्र कर रहा था, तो कोई खाद की किल्लत को बयां कर रहा था। निबोहरा गांव के प्रेम सिंह ने कहा कि रसोई गैस से लेकर पेट्रोल–डीजल तक महंगाई की मार है। आगरा देहात : रोजगार और पानी की दिक्कत धनौली रोड पर चाय की दुकान पर मिले संजय रावत ने कहा, जैसे–जैसे चुनाव का समय नजदीक आएगा माहौल बदलेगा। बरारा के मोहन पाल सिंह का कहना की दो साल तो कोरोना के कारण बर्बाद हो गए। इस बार रोजगार और पानी की समस्या जैसे मुद्दों पर लोग गंभीर हैं। नगला कली के देवेंद्र का कहना है कि आवारा पशुओं की समस्या हल नहीं हुई, खाद की समस्या लंबे समय तक बनी रही। मथुरा के हाल योजनाओं पर हमले, योजनाएं ही ढाल शहर के बीच डैंपियर नगर में चाय के साथ गोकुल चंद की दुकान पर लोगों के बीच चल रही बहस का हम भी हिस्सा बन गए। आशीष गर्ग भाजपा की पैरोकारी कर रहे थे। वह कहते हैं, सरकार सभी योजनाओं को ठोस रूप देते हुए आगे बढ़ी है। समानता के साथ लोगों को लाभ दिए जा रहे हैं। जाति–धर्म का कोई भेदभाव नहीं दिखा। यह सब सुन रहे आरिफ मैदान में पिल पड़े। वे बोले–क्या किया? सिर्फ माहौल खराब करने का काम किया है भाजपा ने। महंगाई इनको दिखाई नहीं देती है। लॉकडाउन में बंद दुकानों का भी बिजली का बिल अदा करना पड़ा है। आरिफ की बात काटते हुए प्रियांश ने कहा, कुछ भी कहो, भाजपा का शासन पारदर्शी है। अब किसी का राशन कोई और नहीं ले सकता है। भ्रष्टाचारियों के यहां छापे पड़ रहे हैं। राघव व उपमन्यु ने भी इस पर सहमति जताई। हालांकि वे यह भी जोड़ते हैं कि अभी और सुधार करने की जरूरत है। मुकाबला किसके बीच होगा, इस सवाल पर सभी कहते हैं कि फिलहाल मामला एकतरफा नहीं है। गोवर्धन : बहसों में सरकार के काम हम गोवर्धन पहुंचे तो यहां राधाकुंड बंबा स्थित चाय की दुकान पर मजमा लगा था। यहां मिले बाबा कल्याण दास भाजपा के समर्थन में दलीलें दे रहे थे। इन्हीं के सुर में सुर मिलाते हुए तुलसीराम गौड़ बोले, राम मंदिर बन रहा है। काशी को भव्यता मिली है और क्या चाहिए? छोटू कटारा भी समर्थन में कूद पड़े। वे कहते हैं, लॉकडाउन से शुरू हुआ मुफ्त अनाज वितरण आज भी जारी है। गिरधारी लाल ठेकेदार इनसे सहमत नहीं थे। उन्होंने सपा–रालोद गठबंधन की सरकार की जरूरत बताई। भोलानाथ दुबे कहते हैं, सरकार किसी की बने, विधायक बदल जाना चाहिए। बलदेव : महंगाई और बेरोजगारी पर मुखर हैं लोग यहां हम नीवरी रोड पर निकले तो पान की दुकान पर खडेध लोग चुनावी माहौल पर बातें करते मिले। दुकानदार रमेश पांडेय कह रहे थे, महंगाई–बेरोजगारी ने हालत खराब कर दी है। इस बार तो किसानों को खाद के लिए लाइन लगानी पड़ी, फिर भी ब्लैक में खरीदना पड़ा। वहीं, चंद्रभान पांडेय कहते हैं कि जितना विकास हुआ है, 70 साल में नहीं हुआ। अमन वर्मा भी विकास की दलील को आगे बढ़ाते दिखे। नवीन वर्मा विषयांतर करते हुए कहते हैं, आप सब चाहे जो कहो, अखिलेश के लिए भीड़ तो उमड़ ही रही है। इसका असर तो दिखेगा ही। दलवीर सिंह, नवीन के तर्कों को खारिज करते हुए कहते हैं–ऐसा कुछ नहीं है। कानपुर में छापे के बाद माहौल बदला है। छाता : विधायक बदलते हैं, स्थिति नहीं बदलती नंदगांव के लठामार होली चौक पर सियासी रंग चढ़ चुका है। चाय की दुकान पर मिले भीम चौधरी से माहौल को लेकर चर्चा छिड़ी तो वह गोल–गोल बोलने लगे। वह कहते हैं, सरकार किसकी है, विधायक कौन है, इससे क्या फर्क पड़ता है। नंदगांव–कोसी रोड कितने साल से टूटी पड़ी है। ये सड़क बनी क्या? इसके लिए किसको जिम्मेदार बताएं। यहां तो हर पांच साल में विधायक बदल जाते हैं। लारा गोस्वामी बोले, रोजगार के मोर्चे पर कुछ खास नहीं हुआ। मांट : सब अपने–अपने पैमाने पर आंक रहे नौहझील में बाजना तिराहे पर मिले अनिल मास्टर कहते हैं, एमएसपी से नीचे किसानों की उपज बिक रही है। महंगाई रुक नहीं रही है। किसानों की आमदनी दोगुनी करने की बात हुई थी, लागत दोगुनी हो गई। छुट्टा जानवरों ने नाक में दम कर रखा है। वहीं, ओमप्रकाश भी कुछ ऐसी ही दलीलें देते हैं। वह कहते हैं, धरातल पर विकास दिख नहीं रहा है। यह सब सुन छिनपारई के कालू चौधरी बहस में कूद पड़े। वे तैश में आकर कहते हैं, काम तो इतने हुए हैं कि गिनाने लगें तो सुबह से शाम हो जाएगी। शंकर त्रिपाठी सबकी बातें काटते हुए कहते हैं, अब तो अधिकारी सुनते ही नहीं हैं। फिरोजाबाद की दास्तान भाजपा–सपा के बीच टक्कर के आसार फिरोजाबाद विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करने पर झील की पुलिया के समीप कुछ युवा आपस में बातें करते मिले। चुनाव की बात छेड़ने पर वीरेंद्र सिंह कहते हैं, यहां तो काफी काम हुए हैं। गरीबों को मुफ्त में गल्ला मिल रहा है। दो रेलवे ओवरब्रिज बने, सड़कों में सुधार हुआ है। पास में खड़े राजेंद्र ने काउंटर अटैक किया। वे बोले, ये सारे काम तो सपा सरकार की देन है, कोई नया हो तो गिनाओ। राम सिंह कहते हैं, सब चुनाव में पता चल जाएगा कि किसने क्या किया। मनोज बोले कि विधायक मनीष असीजा जनता के बीच काफी सक्रिय रहे। इसका भी असर दिखेगा। जसराना : कठिन है डगर लोधी एवं यादव मतदाता बहुल जसराना विधानसभा क्षेत्र के पाढ़म लहसुन मंडी में हम पहुंचे तो यहां कुछ किसान चुनावी चर्चा करते मिले। हवा का क्या रुख है, इस सवाल पर सुखवीर सिंह कहते हैं–अजी, प्रत्याशियों का तो पता नहीं, पार्टियां जोर लगाए पड़ी हैं। असली स्थिति तो प्रत्याशी पर निर्भर करेगी। हवा की तो मत पूछा। ये पूछो कि छुट्टा जानवरों से फसल बच रही है कि नहीं। महंगाई जीने नहीं दे रही। शिवराज सिंह शाक्य भी हां में हां मिलाते हुए कहते हैं कि इस बार आसान नहीं है यहां का चुनाव। इस पर हरवीर कहते हैं कि काम तो बहुत हुआ है। प्रमोद कुमार बोल पड़े , खैरगढ़, फरिहा क्षेत्र में खारे पानी, यातायात से जुड़ी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। औद्योगिक गतिविधि भी नहीं बढ़ी। शिकोहाबाद : छुट्टा पशुओं से परेशान नगर पालिका के सामने चाय की दुकानों पर आजकल सियासी चर्चाएं दिनभर चलती रहती हैं। पंजाबी कॉलोनी निवासी आयुष कुमार कहते हैं, योजनाओं का असर दिख रहा है। इसका फायदा भाजपा को मिल रहा है। इस पर खेड़ा मोहल्ला निवासी अवनीश कहते हैं, क्या ठीक है, खेतों को तो छुट्टा गायें चरे जा रही हैं। इस पर बड़ा बाजार निवासी बंटू जैन कहते हैं कि गुंडागर्दी से तो राहत मिल गई, चौन की सांस तो ले पा रहे हो। इस पर नरेंद्र कुमार रीठरा कहते हैं, भाई कोई सरकार बन जाए हमारा पेट तो अपनी कमाई से ही भरेगा। वहीं समाज सेविका शशिप्रभा का मानना है कि मुकाबला तो प्रत्याशी तय करेगा। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। टूंडला : त्रिकोणीय मुकाबले के आसार टूंडला सुरक्षित सीट है। हम सियासी मिजाज की थाह लेने के लिए विधानसभा क्षेत्र के रसूलाबाद गांव पहुंचे। चुनाव की बात छेड़ने पर देवकरन बोले, यहां मुकाबला एकतरफा नहीं होता है। उपचुनाव में भी भाजपा की सपा से टक्कर हुई। बात को आगे बढ़ाते हुए कालीचरन कहते हैं, यह क्षेत्र तो मिश्रित आबादी वाला है। इस बीच कुछ और लोग पहुंच गए। इनमें शामिल महेंद्र सिंह कहते हैं, विकास तो हुआ है, इससे कोई इनकार नहीं कर सकता। पास में खड़े प्रेम शंकर ने काउंटर अटैक किया, कितनौ काम भयौ है जितौ चुनाव में पतौ चल जागौ। डॉ. ब्रजपाल पौनियां कहते हैं, टूंडला क्षेत्र में भाजपा, सपा, बसपा में त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार हैं। सिरसागंज : प्रत्याशी तय होने का इंतजार अरांव रोड पर स्थित कस्बे में चाय की दुकान पर कुछ लोग खड़े मिले। चुनावी चर्चा छेड़ते ही अनिल सिंह कहते हैं, यहां तो मुकाबला हरिओम–जयवीर में होता था, इस बार तो दोनों साथ हैं। कमल किशोर बोले, प्रत्याशी घोषित हों, तभी साफ होगा कि कौन जीतेगा। वैसे यह सीट यादव बहुल है। अन्य वोट एकतरफा पड़ें तभी भाजपा जीत पाएगी। राम सिंह बोले, अभी तो लोग देख रहे हैं कि सपा–प्रसपा का क्या होता है। समाजसेवी केके खंडेलवाल को लगता है कि यहां मुकाबला भाजपा–सपा के बीच होगा।

# बनारस में मासूम समेत नौ लोग मिले पॉजिटिव : एक्टिव मामले बढ़कर 25

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में कोरोना संक्रमित मरीजों का ग्राफ एक बार फिर से तेजी से बढ़ने लगा है। बुधवार को छह, गुरुवार को आठ मरीजों के मिलने के बाद अब शुक्रवार को नौ मरीजों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। संक्रमित मरीजों में एक साल से कम उम्र का बच्चा और 17 वर्षीय किशोर भी शामिल हैं। अब जिले में एक्टिव केस की संख्या भी बढ़कर 25 हो गई है। शुक्रवार को महमूरगंज निवासी एक साल से कम उम्र के बच्चे में भी कोरोना की पुष्टि हुई है। बच्चा इस



समय कोलकाता में रह रहा है। उसके पॉजिटिव होने की सूचना बनारस स्थित उसके घर पर भी दी गई है। इसके अलावा मूल रूप से गया के रहने वाले 17 वर्ष के किशोर की भी बीएचयू के एमआरयू लैब में जांच हुई जिसमें उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. एसएस कनौजिया ने बताया कि जिन नौ लोगों की कोरोना वायरस की रिपोर्ट आई है, उसमें औसानगंज जैतपुरा निवासी 40 वर्षीय पुरुष, गया बिहार निवासी 17 वर्षीय किशोर, 70 वर्षीय महिला के साथ ही सारनाथ के वल्लभ विहार निवासी 59 वर्षीय पुरुष की भी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके अलावा मध्य प्रदेश के सिंगरौली में रहने वाले 65 वर्षीय महिला की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। वाराणसी दौरे में आई महिला ने आईएमएस बीएचयू में ही जांच कराई थी, जिसमें उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके साथ ही मिसिरपुरा लहरतारा निवासी 55 वर्षीय पुरुष में भी संक्रमण की पुष्टि हुई है। दो मरीजों का नहीं मिला कोई रिकॉर्ड जिले में शुक्रवार को जिन नौ लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है, उसमें दो मरीजों के पते का सही रिकॉर्ड नहीं मिल पाया। स्वास्थ विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक 33 वर्षीय युवक और और 46 वर्षीय व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। उनमें से एक सैंपल की जांच आईएमएस बीएचयू के एमआर यू लैब में भेजा गया था जबकि दूसरे का सैंपल डॉ. लाल पैथ लैब में हुआ है।

# परिजनों ने वैष्णो देवी जाने से रोका तो इकलौते बेटे ने फांसी लगाकर दी जान

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में सिगरा माधोपुर में एक छात्र ने कमरे के अंदर फंदे पर लटक जान दे दी। शुक्रवार सुबह घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। परिजनों के अनुसार दोस्तों के साथ वैष्णो देवी जाने के जिद पर अड़ा था, मना करने पर ऐसा कदम उठाया। पुलिस के अुसार, सिगरा थाना अंतर्गत माधोपुर निवासी हरिशंकर मौर्या का इकलौता पुत्र अशीष मौर्या(20) एक कॉलेज में पढ़ाई करता था। परिजनों के अनुसार, एक दिन पहले वह घर में दोस्तों के साथ वैष्णो देवी धाम जाने की जिद कर रहा था। पिता हरिशंकर ने उसे जाने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद वह गुरुवार की रात में 11 बजे अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह अशीष के कमरे में झांक कर देखा तो फंदे से लटकता मिला। तुरंत उसे उताकर बीएचयू स्थित ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सिगरा पुलिस के मुताबिक शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया, परिजनों से भी घटना के बाबत पूछताछ की गई। बेटे के इस खौफनाक कदम से पिता हरिशंकर और मां सहित अन्य परिजन बेसुध हो गए। काश भेज दिया होता, आज आंखों के सामने रहता मेरा लाल। बेसुध पिता हरिशंकर के अनुसार बढ़ती ठंड के कारण और जम्मू में ट्रेनों के निरस्तीकरण की सूचनाओं के चलते उसे मना कर रहा था, यह पता नहीं था कि हमारा बेटा इस तरह का कदम उठा लेगा। उसने हम सभी को अकेला छोड़ दिया, पिता हरिशंकर ने अफसोस जाहिर किया कि काश उसे भेज दिए तो आज मेरा लाल आंखों के सामने रहता। अभिभावकों द्वारा किसी बात को लेकर अत्यधिक दबाव देना भी बच्चों को तनाव में ला सकता है। डांट से बच्चों की मानसिक स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ता है, जिससे वह अपने आपको हीन भावना से देखने लगते हैं। यही नहीं, वह अपने आपको अपमानित भी समझने लगते हैं। अभिभावकों को बच्चों की मानसिक स्थिति को समय–समय पर परखना जरूरी है। – डॉ. संजय गुप्ता, मनोचिकित्सक, बीएचयू

# लाल और सफेद जालीदार टोपी में कोई अंतर नहीं –आनंद स्वरूप

गाजीपुर ब्यूरो : लाल टोपी और सफेद जालीदार टोपी में कोई अंतर नहीं है। हम राष्ट्रवाद के सिद्धांत पर काम करने वाले लोग हैं। भाजपा हर जाति, हर वर्ग की पार्टी है। ये बातें संसदीय कार्य राज्य मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला ने शुक्रवार को गाजीपुर जिले के कासिमाबाद में आयोजित भाजयुमो के जिला सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने ओवैसी की आलोचना करते हुए कहा कि इस देश की सभी समस्याओं का एक समाधान है। भाजपा जन–जन का सम्मान करती है और सुरक्षा प्रदान करती है। विशिष्ट अतिथि भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित मिश्रा ने कहा कि प्रदेश को भय मुक्त और दंगा मुक्त राज्य बनाने का श्रेय मुख्यमंत्री को है। पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष प्रभुनाथ चौहान ने कहा कि युवाओं की इस राष्ट्र के प्रति बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर ने कहा कि पार्टी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ देश को विश्व पटल के परम वैभव पर पहुंचाने की ओर अग्रसर है। भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्र सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर भाजयुमो के क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र मौर्या, भाजपा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा, ब्लाक प्रमुख मनोज गुप्ता, रामनरेश कुशवाहा, प्रवीण सिंह, अवधेश राजभर, अखिलेश सिंह, जितेंद्रनाथ पांडेय, राजकुमार झंवर, साधना राय, किरन सिंह, अच्छेलाल गुप्ता, मयंक जायसवाल, अनुराग सिंह, जिला मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा, विवेकानंद राय, हर्षित सिंह, दुष्यंत अग्रहरि, अमरनाथ शर्मा, वासुदेव पांडेय, प्रीति गुप्ता, दीपक सिंह, शिवप्रताप सिंह, गौरव श्रीवास्तव, जितेंद्र उपाध्याय, प्रभाकर राय, शिवम राय, आशुतोष राय, आशीष श्रीवास्तव, कंचन गिरी, नीरज पांडेय, पियूष पांडेय, विरेंद्र चौहान, अंकुर श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। संचालन महामंत्री अविनाश सिंह तथा आभार भाजयुमो के जिलाध्यक्ष विश्वप्रकाश अकेला ने प्रकट किया।

# प्रतिबंध के बाद भी होटल में चल रहा था डांस और शराब पार्टी : पुलिस को देख दीवार फांद भागे लोग

वाराणसी ब्यूरो : साल 2021 का आखिरी दिन और नए साल के आगमन पर शनिवार रात 11 बजे के बाद नाइट कर्फ्यू और प्रतिबंध के बाद भी बनारस में स्थानों पर होटलों में डांस और शराब पार्टी का दौर चलता रहा। डाफी स्थित एनएच के किनारे होटल सत्कार में आरकेस्ट्रा और शराब पार्टी के दौरान हुड़दंग की सूचना पर देर रात फोर्स के साथ इंस्पेक्टर लंका वेद प्रकाश राय पहुंचे। पुलिस फोर्स के होटल में घुसते ही पार्टी का आनंद लेते हुए बार बालाओं की डांस देखने वालों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आलम यह बन गया कि होटल के पिछले हिस्से से दीवार फांद कर कूदते–फांदते और गिरते–पड़ते लोग भागने लगे। इंस्पेक्टर ने डांस प्रोग्राम को बंद कराया। रमना चौकी इंचार्ज को पड़ी फटकार। साथ ही रमना चौकी से चार सौ मीटर दूर पर देर रात तक होटल में पार्टी डांस चलने पर इंस्पेक्टर ने जमकर फटकार लगाई। मौके से होटल संचालक भी कर्मचारियों के साथ भाग निकला। इंस्पेक्टर लंका वेद प्रकाश राय ने बताया कि देर रात में सत्कार होटल में डांस और





शराब पार्टी की सूचना पर फोर्स के साथ छापेमारी की गई। नए साल के स्वागत की खुशी में नशे में धुत वाहन सवारों को नियंत्रित करने के चक्कर में शनिवार की देर रात तक पुलिस शहर की सड़कों और हाइवे पर चक्रमण करती रही। नाइट कर्फ्यू और प्रतिबंध के बाद भी नशे में धुत हुड़दंगियों ने कई जगहों पर हंगामा किया। पुलिस वाहन को आते देखकर सभी फरार हो गए। पुलिस शाम से ही अंधरापुल, चौकाघाट, मलदहिया, लहुराबीर, रवींद्रपुरी, लंका चौराहा, गोलघर कचहरी, पांडेयपुर सहित शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर तैनात हो गई थी। रात 10 बजे के बाद शराब पी रहे लोगों को खदेड़ कर भगाया गया।

# नए साल में पूर्वांचल के खिलाड़ियों मिलेंगी सौगातें : आधुनिक शूटिंग रेंज में निशाना साध सकेंगे निशानेबाज

वाराणसी ब्यूरो : नए साल में पूर्वांचल के खिलाड़ियों को सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, कैंटोमेंट के राइफल क्लब स्थित आधुनिक शूटिंग रेंज और लालपुर में सिंथेटिक बास्केटबाल कोर्ट और ट्रैक की सौगात मिलेगी। शूटिंग रेंज के निर्माण का कार्य तेजी चल रहा है। जो कि मार्च के अंत तक पूरा होगा। निशानेबाज 10 और 50 मीटर के आधुनिक रेंज पर निशाना साध सकेंगे। नए साल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्मार्ट सिटी के तहत साढ़े चार सौ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम की आधारशिला भी रखेंगे। इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए घेराबंदी शुरू कर दी गई है। मार्च 2022 तक तैयार हो जाएगा शूटिंग रेंज। पहले चरण में बास्केटबॉल, वालीबॉल कोर्ट और तरणताल की जगह तीन मंजिला इंटीग्रेटेड इंडोर स्टेडियम के निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के सहायक अभियंता सौरभ सुमन का कहना है कि पांच करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले शूटिंग रेंज के लिए अब



तक तीन किस्तों में बजट मिल चुका है। 60 प्रतिशत से अधिक का कार्य पूरा कर लिया गया है। मार्च 2022 तक रेंज बनकर तैयार हो जाएगा। क्षेत्रिय क्रीड़ा अधिकारी आरपी सिंह ने कहा कि नए साल में लालपुर में सिंथेटिक ट्रैक, बास्केटबाल कोर्ट के लोकार्पण के बाद इसे खिलाड़ियों को समर्पित किया जाएगा। इसके अलावा सिगरा स्टेडियम में स्मार्ट सिटी के तहत घेराबंदी शुरू हो गई है। नए साल में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम के निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएंगे।

# वाराणसी में खून से लथपथ छात्र को एडिशनल एसपी ने पहुंचाया अस्पताल : तमाशबीन बनी रही भीड़

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के अपर पुलिस आयुक्त अपराध व मुख्यालय सुभाषचंद्र दुबे ने बृहस्पतिवार रात पेट्रोलिंग के दौरान भेलूपुर जल संस्थान के पास सड़क हादसे में घायल छात्र को बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। खून से लथपथ अचेतावस्था में हाईस्कूल के छात्र का समय से उपचार शुरू हुआ। हालांकि घटना के दौरान कई राहगीर और आसपास दुकानदारों की भीड़ जमा थी और लोग तमाशबीन होकर मोबाइल से वीडियो बना रहे थे। भेलूपुर का रहने वाले श्रवण शर्मा का बेटा मोहित शर्मा (17 वर्ष) हाईस्कूल का छात्र है। जल संस्थान के पास सड़क हादसे में घायल होकर अचेतावस्था में पड़ा हुआ था। आसपास लोग उसे घेरे हुए थे। उधर, नाइट पेट्रोलिंग से गुजरते समय एडिशनल सीपी सुभाषचंद्र दुबे की नजर भीड़ पर पड़ी तो फौरन अपने कार से उतरे। अपने एस्कार्ट की मदद से छात्र को वाहन से लेकर ट्रामा सेंटर पहुंचे और समय से उसका उपचार शुरू कराया। पुलिस की तत्परता से



सैलानी का पर्स और मोबाइल मिला। सारनाथ स्थित थाई मंदिर में शुक्रवार दोपहर भ्रमण के समय कोलकाता की सैलानी का पर्स व मोबाइल गुम हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सैलानी का पर्स और मोबाइल सकुशल बरामद किया और सौंपा। कोलकाता की रहने वाली मोनालिस चटर्जी का अपने पिता देवाशीष चटर्जी के साथ दोपहर में सारनाथ के थाई मंदिर घूमते समय पार्क में मोबाइल व पर्स कहीं गिर गया। पुलिस बूथ पर ने मोनालिसा ने जानकारी दी।

# वैष्णो देवी हादसे में गोरखपुर के डॉक्टर ने गंवाई जान : एक महीने पहले हुई थी शादी

गोरखपुर ब्यूरो : नए साल के पहले दिन जम्मू–कश्मीर स्थित माता वैष्णो देवी भवन में भगदड़ मच गई। हादसे में 12 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। जबकि हादसे में 13 से ज्यादा लोग घायल हो गए। मरने वालों में एक शख्स गोरखपुर जिले का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक, जिले के चौरी चौरा इलाके के रामपुर बुजुर्ग निवासी डॉक्टर अरुण सिंह की वैष्णो देवी भवन में भगदड़ के दौरान मौत हो गई है। घटना में उनकी पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक डॉक्टर अरुण सिंह रामपुर बुजुर्ग के पूर्व प्रधान सत्यप्रकाश के एकलौते पुत्र थे। इनकी अभी एक महीने पहले ही शादी हुई थी। डॉक्टर अरुण सिंह गोरखपुर शहर के जेल बाईपास पर ही जयहिंद हॉस्पिटल खोले थे। इनके साथ अन्य डॉक्टर भी गए थे जिन्हें हल्की फुल्की चोटें आई हैं। ऐसे हुआ हादसा। माता वैष्णो देवी भवन में भगदड़ के दौरान अपने परिजन को खोने वाले एक चश्मदीद उधमपुर निवासी कलदेव सिंह ने बताया कि माता वैष्णो देवी भवन क्षेत्र में कम जगह में ज्यादा लोग आ गए। इससे लोगों को निकलने की जगह नहीं मिल रही थी। थोड़ी सी जगह में बड़ी संख्या में लोग आ और जा रहे थे। इसी बीच धक्का मुक्की के कारण भगदड़ मच गई।

# कपड़ों पर जीएसटी नहीं बढ़ेगी: काशी रेडिमेड गारमेंट्स एसोसिएशन ने सरकार के फैसले का किया स्वागत

वाराणसी ब्यूरो : रेडीमेड वस्त्रों और फुटवियर पर जीएसटी दर में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को स्थगित रखने के फैसले का बनारस के व्यापारी संगठनों ने स्वागत किया है। व्यापारियों के विरोध को देखते हुए सरकार ने जनवरी 2022 से जीएसटी दरों में बदलाव के प्रस्ताव को फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया है। व्यापारी कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश के सदस्य हर्ष पाल कपूर और सिल्क ट्रेड एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जीएसटी की बढ़ी दर पर रोक के निर्णय पर खुशी जताई। एसोसिएशन के अध यक्ष हर्ष पाल, उपाध्यक्ष वैभव कपूर, महामंत्री मनीष जैन एवं मंत्री हर्ष तुलस्यान मौजूद रहे। व्यापारियों के मुताबिक सरकार के इस फैसले से बेपटरी हो चुकी व्यापार व्यवस्था को पटरी पर लाने का अवसर दिया है। जनवरी 2022 से जीएसटी दर पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने की तैयारी का सरकार का निर्णय गलत था। बनारसी वस्त्र उद्योग एसोसिएशन ने किया स्वागत। टेक्सटाइल व्यापार पर जीएसटी काउंसिल की ओर से बढ़ी हुई जीएसटी की दर स्थगित करने के निर्णय का बनारसी वस्त्र उद्योग एसोसिएशन ने स्वागत किया है। महानगर उद्योग व्यापार समिति के संरक्षक श्रीनारायण खेमका ने कहा कि सरकार के फैसले का स्वागत है, सरकार को किसी भी निर्णय को लागू करने से पहले उसके प्रभाव के बारे में जानकारी रखनी चाहिए। महानगर उद्योग व्यापार समिति के अध्यक्ष प्रेम मिश्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार को मंडी शुल्क वापस लेने के लिए कदम उठाना चाहिए, ताकि व्यापारियों को व्यापार करने में आसानी हो सके। वाराणसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने कहा कि सरकार व्यापरियों को परेशान के लिए नियम लाई थी। 12 प्रतिशत करने का सुझाव व्यापारियों के लिए घातक था। महानगर उद्योग व्यापार समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज डिडवानिया ने कहा कि जीएसटी में बढ़ोतरी को स्थगित करने फैसला व्यापार की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। सरकार ने व्यापार के हित में फैसला लिया है।

# सहारनपुर में युवती की चाकू से गोदकर हत्या, बाइक सवार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

सहारनपुर ब्यूरो : पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपराधी बेखौफ हैं साल के पहले ही दिन बदमाशों ने दो सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। सहारनपुर में युवती की दिनदहाड़े बाइक सवारों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी जबक मुजफ्फरनगर में एक ग्रामीण की हत्या कर शव खेत में फेंक दिया। सहारनपुर में युवती की हत्या के बाद घटना से हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार नागल कस्बे में दिनदहाड़े बाइक सवार दो युवकों ने एक युवती की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में और हत्यारोपी की तलाश में जुटी है। बताया गया कि नागल कस्बे के रेलवे रोड निवासी बॉबी की 19 वर्षीय बेटी दीपा शनिवार करीब 3:30 बजे अपने घर से ब्यूटी पार्लर पर जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे। एक युवक बाइक लेकर गली के गेट पर खड़ा हो गया, जबकि दूसरे युवक ने चाकू से दीपा पर ताबड़तोड़ कई वार किए। चंद मिनटों में ही हमलावर वारदात को अंजाम देकर बाइक पर सवार होकर



फरार हो गए। वारदात से अफरा तफरी मच गई। परिजन युवती को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर घटना की जानकारी ली। एसएसपी आकाश तोमर ने बताया कि पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है।

# 400 से ज्यादा लोगों की जान बचाने वाले अमन सम्मानित

अलीगढ़ ब्यूरो : इंदु गैस सर्विस एचपीसीएल के मालिक जवां निवासी अमन अग्रवाल पुत्र झम्मनलाल अग्रवाल को 400 से ज्यादा लोगों की जान बचाने के लिए लखनऊ में सम्मानित किया गया है। प्रमुख सचिव, अपर मुख्य सचिव व परिवहन आयुक्त ने उन्हें नेक आदमी सम्मान से सम्मानित किया है। अमन अग्रवाल सड़क हादसों में घायल होने वाले लोगों को अस्पताल पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। 400 से अधिक लोगों की जान बचाने वाले अमन अग्रवाल का नाम आगरा परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त जयशंकर तिवारी ने राज्य स्तर के सम्मान समारोह के लिए प्रेषित किया था। लखनऊ में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अनवीश अवस्थी, परिवहन प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह, परिवहन आयुक्त धीरज साहू ने उनको सम्मानित किया। अमन के दादा शिव प्रसाद अग्रवाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे हैं। वर्ष 2004 में अमन अग्रवाल की माता इंदु अग्रवाल स्कूटर से कहीं जा रही थीं। अचानक




टायर फट जाने के कारण वह गिर गई थीं और सिर में गुम चोट आने के कारण बेहोश हो गई थीं। अचेत होने की अवस्था में आधे घंटे तक किसी ने मदद नहीं की। तभी से अमन अग्रवाल सड़क हादसों में घायलों को अस्पताल पहुंचाने में लगे हैं।

# कार सवारों ने गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों को रौंदा: दरोगा की मौत व तीन सिपाही घायल

मथुरा ब्यूरो : मथुरा के गोवध र्न क्षेत्र में साल 2021 की आखिरी रात को बड़ी घटना हो गई। शुक्रवार देर रात को राजीव तिराहा पर गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों को कार सवारों ने रौंद दिया। घटना में एक दरोगा सहित चार पुलिसकर्मी गंभीर घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दरोगा की उपचार के दौरान मौत हो गई है। सिपाहियों का उपचार चल रहा है। उधर, घटना के बाद कार छोड़कर उसमें सवार लोग फरार हो गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। एटा के रहने वाले थे दरोगा । नववर्ष पर गिरिराजजी धाम में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ बढ़ने पर ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए दरोगा रामकिशन, सिपाही अमित कुमार, अनुज कुमार, वाहन चालक अतेंद्र कुमार राजीव तिराहे पर गश्त कर रहे थे। उसी दौरान एक कार कस्बा की ओर से आई। कार ने पुलिस टीम को रौंद दिया। घटना में पुलिसकर्मी गंभीर घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल दरोगा रामकिशन की उपचार के दौरान मौत हो गई। वह एटा के रहने वाले थे। गाड़ी के पास खड़े थे पुलिसकर्मी। गोवर्धन के थानाध्यक्ष राजकमल सिंह ने बताया कि पुलिसकर्मी सरकारी बोलेरो गाड़ी से राजीव तिराहे पर गश्त कर रहे थे। देर




रात पुलिस टीम तिराहे पर खड़ी थी। तभी कस्बा की ओर से एक वेन्यू कार ने टक्कर मार दी। घटना में घायल दरोगा की उपचार के दौरान मौत हो गई है। सिपाहियों का उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि कार सवारों की तलाश में पुलिस जुटी है। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना। कार से पुलिस टीम को रौंदने की घटना तिराहे पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसकी फुटेज में दिख रहा है कि पुलिसकर्मी तिराहे पर गाड़ी के पास खड़े हैं। तभी तेज रफ्तार कार पुलिसकर्मियों की गाड़ी को टक्कर मार देती है। टक्कर इतनी तेज थी कि पुलिस की गाड़ी करीब 20 से 25 मीटर पीछे खिसक गई। एक पुलिसकर्मी भी काफी दूर जाकर गिरा।

# अब तक 65 करोड़ की संपत्ति हुई कुर्क : अकूत दौलत को ऐसे ठिकाने लगा रहे कबाड़ी

मेरठ ब्यूरो : लूट और चोरी के वाहनों के कटान के लिए बदनाम सोतीगंज के कबाड़ियों की अब तक 65 करोड़ की संपत्ति कुर्क हो चुकी है। अकेले हाजी गल्ला की ही 35 करोड़ की कोठियां–गोदाम एवं अन्य संपत्ति कुर्क की गई है। मेरठ में चोरी और लूट के वाहनों का कटान करने के आरोपी हाजी गल्ला के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की गई है।



उसके वेस्टर्न रोड स्थित बंगला नंबर 235 पर बने अवैध गोदाम को एएसपी ने शुक्रवार को सील कर दिया। चोरी व लूट के वाहन काटकर 20 साल में सोतीगंज के हाजी गल्ला ने अकूत संपत्ति अर्जित की। पंजाब में गल्ला की 100 करोड़ की संपत्ति चिह्नित की है, जिसके दस्तावेज भी पुलिस ने जुटा लिए हैं। पुलिस की एक टीम पंजाब रवाना हो गई है। गल्ला की 15 करोड़ की संपत्ति जब्त पहले ही हो चुकी है, अब कैंट वाला गोदाम भी जब्त होगा। बताया जाता है कि सोतीगंज में चोरी की गाड़ियां कटवाने का काम गल्ला ने ही शुरू कराया था। इसके बाद दिल्ली–एनसीआर में उसने अपना नेटवर्क फैलाया। चोरी की गाड़ी के इंजनों की सप्लाई सबसे ज्यादा पंजाब में गल्ला करता था, जहां पर उसने यह संपत्ति अर्जित की। अब गल्ला पांच साल से पंजाब में ही काम कर रहा था। एएसपी कैंट सूरज राय ने बताया कि हाजी गल्ला की पटेलनगर स्थित कोठी और गोदाम को पहले ही कुर्क किया जा चुका है। इस संपत्ति की बाजार में कीमत करीब दस करोड़ है। वेस्ट एंड रोड पर कुर्क गोदाम की बाजार में कीमत 25 करोड़ आंकी गई है। इस तरह हाजी गल्ला की कुल 35 करोड़ की संपत्ति कुर्क हो चुकी है। हाजी गल्ला के अलावा इकबाल कबाड़ी की पटेल नगर की कोठी, उसके बेटे अबरार का सोतीगंज में गोदाम, इरफान उर्फ राहुल काला जैसे कई कबाड़ियों की संपत्ति कुर्क हो चुकी है। पुलिस ने नईम उर्फ हाजी गल्ला समेत 18 कबाड़ियों के बैंक खातों की जानकारी जुटाई है। पुलिस इनके खातों को सीज करने की तैयारी कर रही है। सोतीगंज पर शिकंजा कसने के बाद से कई कबाड़ी बैंकों से अपना पैसा रिश्तेदार और परिचितों को ट्रांसफर कर रहे हैं। तीन गैंगस्टर के पास सबसे ज्यादा संपत्ति । तीन गैंगस्टर गल्ला, इकबाल और मन्नू की संपत्ति सबसे ज्यादा बताई गई है। गैंगस्टर के तहत तीनों कबाड़ियों की संपत्ति को जब्त करने के लिए पुलिस लगी है। इनकी संपत्तियों को चिह्नित किया जा रहा है।नया सोतीगंज नहीं बनने देंगे। एएसपी कैंट सूरज राय ने कहा कि जिले में दूसरी जगह नया 'सोतीगंज' नहीं बनने देंगे। कबाड़ी दुकान और गोदाम खाली करके स्क्रैप को नष्ट कर रहे हैं। थानेदारों से कहा है कि अगर गाड़ियों का पुराने सामान ले जाते कबाड़ी को पकड़ें तो उसकी जानकारी जरूर दें। कबाड़ी यहां से स्क्रैप कहां ले जा रहे हैं इसकी भी निगरानी हो रही है।

# हत्या के बाद प्रतापगढ़ भागा निलंबित सिपाही

प्रयागराज ब्यूरो : विधायक के बहनोई पर फायरिंग का आरोपी आबकारी विभाग का निलंबित सिपाही विमलेश पांडेय घटना के बाद से प्रतापगढ़ भाग निकला है। एसओजी की टीमें उसकी तलाश में प्रतापगढ़ व आसपास दबिश देती रहीं। उधर, रात में ही पुलिस की एक टीम उसके करछना स्थित पैतृक आवास पर पहुंची। उधर शुक्रवार को उसके कोरांव, मेजा व सरायइनायत में रहने वाले रिश्तेदारों के घर भी दबिश दी गई लेकिन वह नहीं मिला। फिलहाल उसके ससुराल



पक्ष के एक करीबी रिश्तेदार को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ में जुटी है। घटना के बाद पुलिस को जानकारी मिली थी कि आरोपी करछना के नीबी का मूल निवासी है। जिसके बाद रात में ही पुलिस की एक टीम उसके घर पहुंची। लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद शुक्रवार को मेजा, कोरांव व सरायइनायत में रहने वाले उसके रिश्तेदारों के घर भी उसे तलाश करते हुए पहुंची। लेकिन रिश्तेदार भी उसके बारे में कोई जानकारी नहीं दे सके। सर्विलांस से उसके नंबर की लोकेशन प्रतापगढ़ में मिली जिसके बाद एसओजी गंगापार समेत अन्य टीमें वहां दबिश देती रहीं। इस दौरान न सिर्फ प्रतापगढ़ बल्कि उसके आसपास के इलाकों में भी दबिश दी गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। देर रात तक उसकी तलाश चलती रही। निलंबित सिपाही समेत चार पर नामजद मुकदमा। कीडगंज फायरिंग मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी विमलेश पांडेय समेत चार के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया है। परिजनों की ओर से तहरीर देकर बताया गया है कि संदीप व विशाल उर्फ राजन दुकान पर थे, तभी सामने के मकान से विमलेश ने गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध पर पिस्टल निकालकर गोलियां दाग दीं। आरोप है कि इस दौरान विमलेश का साथी सतीश पांडेय और उसके भतीजे संदीप व अवनीश भी मौजूद थे। एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह का कहना है कि हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गा था जिसे हत्या में तरमीम कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। अपराध से पुराना नाता, दिनदहाड़े हत्या में आया था चार भाइयों का नाम। अपनी दबंगई के लिए कुख्यात विमलेश पांडेय का अपराध से नाता नया नहीं है। यह बात अलग है कि उसका सीधे तौर पर नाम नहीं जुड़ा लेकिन उसके परिवार के लोगों का नाम कई बार आपराधिक वारदातों में आया। कुल नौ भाइयों में उसके चार भाई करछना थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं। जून 1995 में भीरपुर चौराहे पर व्यापारी रामबाबू पांडेय की हत्या में उसके चार भाई नामजद हुए थे। मृतक के बेटे अधिवक्ता सत्यम पांडेय ने बताया कि उक्त घटना में चारों आरोपियों को उम्रकैद की सजा हो चुकी है। जिसे उनकी ओर से ऊपरी अदालत में चुनौती दी गई है। वर्तमान में सभी आरोपी जमानत पर हैं।

# पूर्व सांसद अतीक के बेटे ने पांच करोड़ रंगदारी न देने पर पीटा : अली समेत सात पर केस दो पकड़े गए

प्रयागराज ब्यूरो : माफिया अतीक अहमद के बेटे अली व उसके गुर्गों ने करेली में जमकर बवाल मचाया। उसके ही रिश्तेदार जीशान उर्फ जानू का आरोप है कि अली ने पिस्टल सटाकर फोन पर उसकी बात अतीक अहमद से कराई। जिसने जमीन पत्नी के नाम लिखने और ऐसा न करने पर पांच करोड़ की रंगदारी मांगी। साथ ही पीटने लगे। जिसमें उसके भाई व भांजा जख्मी हो गया। पुलिस का कहना है कि आरोप लगाने वाला अतीक का साढ़ू है और उसका भाई इमरान अतीक गैंग का सक्रिय सदस्य है। फिलहाल तहरीर के आध ार पर सात पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। दो आरोपी मौके से पकड़े गए हैं जिनकी तलाश जारी है। ऐनुद्दीनपुर निवासी जीशान ने बताया कि घटना शाम चार बजे के करीब हुई। आरोप लगाया कि वह अपने प्लॉट पर था तभी अली अपने छह साथियों समेत 20–22 लोगों संग आ धमका। फिर पिस्टल सटाकर फोन पर अतीक से बात कराई। अतीक ने कहा कि यह प्लॉट उसकी पत्नी के नाम लिख दो या पांच करोड़ पहुंचा दो। ऐसा न करने पर हाथ–पांव तोड़ने की धमकी दी। इसके बाद अली ने अपने साथियों संग मिलकर उसे पीटना शुरू कर दिया। अतीक का साढ़ू है भुक्तभोगी। उसने किसी तरह थाने पहुंचकर शिकायत की तो पुलिस उसके साथ मौके पर पहुंची। इस दौरान उसके भाई व भांजे को पीटकर घायल कर दिया गया था। पुलिस को देखते ही हमलावर भागने लगे जिसमें से सैफ व एक अन्य को पकड़ लिया गया। दोनों को पुलिस हिरासत में लेकर थाने ले गई। एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अली,




असद, सैफ, इमरान, गुड्डू, कछौली व संजय को नामजद करते हुए 15 अज्ञात पर हत्या का प्रयास, रंगदारी मांगने समेत अन्य आरोपों में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच पड़ताल की जा रही है। अतीक के जमीन के कारोबार का कर्ताधर्ता है भाई इमरान। पुलिस सूत्रों का का कहना है जिस जीशान ने अतीक के बेटे पर मारपीट,रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है, वह इमरान जई का भाई है। इमरान का चकिया स्थित घर भी पिछले साल ढहाया गया था। अतीक के प्रॉपर्टी से जुड़े सारे काम वही देखता रहा है। वह खुल्दाबाद थाने का हिस्ट्रीशीटर है जिस पर कुल 14 मुकदमे दर्ज हैं। प्रॉपर्टी डीलर के कथित अपहरण व जेल में ले जाकर पिटाई मामले में भी वह अतीक संग सहअभियुक्त है। उस पर आखिरी मुकदमा पिछले साल ही दर्ज हुआ था जिसमें लाइसेंस निरस्त होने के बाद भी शस्त्र जमा न होने पर खुल्दाबाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस अफसरों का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है।

# जीएसटी बढ़ाने से आगरा के उद्यमियों में आक्रोश : बढ़ोतरी वापस लेने की मांग

आगरा ब्यूरो : साल 2021 के आखिरी दिन कपड़े के व्यापारियों को जीएसटी काउंसिल ने राहत पहुंचाई, जबकि जूते के व्यापारियों और उत्पादकों की मुसीबतें और बढ़ा दीं। जीएसटी काउंसिल ने जूते और चप्पलों पर जीएसटी की दर एक जनवरी से पांच फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी करने के लिए मंजूरी दे दी। ताजनगरी के व्यापारियों ने इसका विरोध करते हुए कहा है कि आगरा देश की 65 फीसदी आबादी को फुटवियर पहनाता है। ताजनगरी में जूतों के उत्पादन और कारोबार से चार लाख लोग जुड़े हुए हैं, जिन पर शनिवार से प्रस्तावित बढ़ोतरी का असर पड़ेगा। एक हजार रुपये तक के जूते शुक्रवार तक 1050 रुपये के बिक रहे थे, लेकिन आज से यह 1120 रुपये में मिल पाएगा। जूता कारोबारियों ने शुक्रवार को जीएसटी काउंसिल के फैसले का विरोध करने के साथ बढ़ोतरी पर आक्रोश जताया, वहीं कपड़ा व्यापारियों में खुशी है। जूते लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत हैं। जूता दस्तकार संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी ने कहा कि जूते लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत हैं। आम आदमी पर यह सीधे सीधे बोझ डालने वाली बात है। जीएसटी काउंसिल को कपड़े की तरह जूते पर जीएसटी पर बढ़ोतरी स्थगित रखनी चाहिए। जब बाजार पहले से ही अधमरा है, तब जीएसटी की बढ़ोतरी पूरे उद्योग को नुकसान पहुंचाएगी। बढ़ोतरी वापस ली जानी चाहिए फ्रेटरनिटी ऑफ आगरा फुटवियर मैन्यूफैक्चरर्स के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने कहा कि फुटवियर पर पांच से बढ़ाकर 12 फीसदी जीएसटी पूरे उद्योग के लिए अनुचित है। शहर के 4 लाख लोग इससे जुड़े हैं। देश के 65 फीसदी जूते की जरूरत पूरा करते हैं। चुनाव से पहले ही यह बढ़ोतरी वापस ली जानी चाहिए। जब तक जीएसटी कम नहीं होता, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। 'फरवरी में इस पर हो जाएगा फैसला' व्यापार संघ के संरक्षक दिनेश अग्रवाल ने कहा कि कपड़े पर जीएसटी की बढ़ोतरी



वापस लेने का सरकार का अच्छा कदम है। इससे आम आदमी को राहत मिलेगी, लेकिन कपड़े की तरह जूते पर भी बढ़ोतरी स्थगित करने की जरूरत थी। यह होता तो और अच्छा फैसला रहता। उम्मीद है कि फरवरी में इस पर फैसला हो जाएगा। 'जूते–चप्पलों पर भी टैक्स कम होना चाहिए' सीए इंस्टीट्यूट की सचिव सीए दीपिका मित्तल ने कहा कि टैक्सटाइल पर जीएसटी बढ़ोतरी को स्थगित करने का फैसला राहत भरा कदम है, लेकिन जूते–चप्पलों पर भी टैक्स कम होना चाहिए था। सरकार जीएसटी रिफंड के लिए आधार सत्यापन अनिवार्य करने के कदम भी नए साल में उठाने जा रही है। कपड़ा व्यापारियों का संघर्ष रंग लाया। आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष टीएन अग्रवाल ने कहा कि कपड़ा व्यापारियों का संघर्ष रंग लाया। सूरत से लेकर कानपुर तक और दिल्ली के व्यापारियों के साथ मिलकर हमने सरकार पर दबाव बनाया, जिसका असर ये हुआ कि जीएसटी बढ़ोतरी स्थगित कर दी गई। जूते पर भी टैक्स कम किये जाने की जरूरत है।

# नववर्ष पर ब्रज के मंदिरों में उमड़ी भारी भीड़: बिना मास्क के पहुंचे हजारों श्रद्धालु, कोरोना के खतरे से दिखे बेखबर

मथुरा ब्यूरो : दुनिया के कई देशों में कोरोना वायरस का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन कहर बरपा रहा है तो हमारे देश में भी कोरोना संक्रमण ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। रोज नए संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन कोरोना के बढ़ते खतरे के बीच लोग घोर लापरवाही बरत रहे हैं। इस बानगी मथुरा और वृंदावन में देखने को मिली। ब्रज में नववर्ष पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। ठाकुरजी के दर्शन कर नए साल की शुरुआत की, लेकिन कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर लापरवाह दिखाई दिए। हजारों श्रद्धालु बिना मास्क के मंदिरों में पहुंचे। भीड़ के कारण उचित शारीरिक दूरी का भी पालन नहीं हुआ। प्रशासन और मंदिर प्रबंधन की व्यवस्थाएं भी फेल नजर आईं। यह हाल तब है जब मथुरा में बीते चार दिनों से लगातार नए संक्रमित मरीज मिल रहे हैं। नए साल के पहले दिन श्रीबांकेबिहारी की नगरी वृंदावन में भक्ति का सैलाब उमड़ा। शुक्रवार को प्रातःकाल में हजारों भक्तों ने ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन किए। मंदिर से जुड़ी गलियां दिनभर खचाखच भरी रहीं। हर तरफ श्रीबांकेबिहारी की जयजयकार, श्रीराधारानी की जयजयकार के स्वर गूंजते रहे। नववर्ष पर मंदिर में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस की ओर से शुरू की गई दर्शन की वनवे व्यवस्था ध्वस्त हो गई। श्रद्धालु मंदिर के सभी गेटों से प्रवेश करते दिखे। मंदिर की गलियों में हालात



और भी बदतर दिखे। चिंताजनक बात यह है कि ज्यादातर श्रद्धालु बिना मास्क के यहां पहुंचे थे। मथुरा के द्वारकाधीश मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। राजाधिराज के दर्शन के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब द्वारकाधीश मंदिर से विश्राम घाट तक रहा। श्रद्धालुओं ने राजाधिराज के दर्शन कर नए साल की शुरुआत की, लेकिन कोविड के खतरे से बेखबर दिखे। लाखों की संख्या में श्रद्धालु गिरिराज धाम पहुंचे। तलहटी में बह रही भक्ति की रसधार में सुध–बुध खोए भक्तों ने गिरिराजजी की शरण में पहुंच कर मस्तक टेका और दानघाटी, मुकुट मुखारविंद मंदिर में पूजा–अर्चना कर मनौती मांगी। भीड़ के चलते सड़कों पर जाम की स्थिति रही।

## नव वर्ष के उपलक्ष में सरकार द्वारा चलाई गई योजना के तहत ग्राम प्रहरियों को दिया गया पहचान पत्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय कोतवाली परिसर में नव वर्ष के उपलक्ष में सरकार द्वारा चलाई गई योजना के तहत ग्राम प्रहरियों को पहली बार पुलिस कलर में फोटो युक्त पहचान पत्र दिया गया । रविवार को कोतवाली परिसर में हेड दीवान प्रमोद कुमार सिंह ने कोतवाली क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रहरियों की एक बैठक लेकर आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी चुनाव के दौरान आपकी अपनी पहचान के लिए यह पहचान पत्र सरकार द्वारा जारी किया गया हेड दीवान द्वारा 67 ग्राम प्रहरियों को पहचान पत्र वितरित किया गया।

## 25 शीशी देशी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत रामपुर थानाध्यक्ष ओम नारायण सिंह के कुशल नेतृत्व में जमालापुर के पास चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति जो बरसठी रोड से जमालापुर की तरफ आ रहा था ।जो पुलिस को देखकर भागने लगा ।पुलिस ने आवश्यक बल का प्रयोग करते हुए वयक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गये अभिव्यक्ति के पास से 25 शीशी देशी शराब बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्त बृजेश पटेल पुत्र ओमप्रकाश पटेल निवासी मेजा किशुनपुर थाना मडियाहूँ को आवश्यक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

## शार्ट सर्किट से जलकर राख हुई स्कूल वाहन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा विकास खण्ड के लेदुका बाजार में शनिवार को शार्ट सर्किट से विद्यालय में खड़ी स्कूल वाहन जलकर राख हो गई। बाजार में ही शाहगंज निवासी प्रंबधक विजय कुमार तिवारी स्पीक बेस्ट कान्वेंट स्कूल इंग्लिश मीडियम का स्कूल खोल रखे है। स्कूल बन्द होने के कारण चौनल के अन्दर ही दो स्कूल वाहन खड़े थे। सुबह अचानक एक वाहन में धुंआ उठता देख किसी ने शोर मचाया तो थोड़ी ही देर सैकड़ो लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। बाजारवासी दमकल विभागकर्मी को जब तक फोन कर बुलाते एक स्कूल वाहन जलकर राख हो गई जबकि बाजारवासियों के अथक प्रयास से एक वाहन को जलने से बचा लिया गया।

## रामपुर में मिठाई की दुकान पर ताला तोड़कर चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रामपुर बाजार के नहर पर स्थित सुरेश मोदनवाल मिठाई की दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखा इनवर्टर ,बैटरी तथा 800 नगद चोर उठा ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर के नहर पर सुरेश मोदनवाल की मिठाई की दुकान है प्रतिदिन की भाँति शुक्रवार को भी रात मे दुकान बन्द कर घर चले गये। सुबह जब दुकान खोलने के लिए गये तो देखा कि दुकान का ताला टुटा हुआ है ।अन्दर जाकर देखा तो दुकान में रखा इनवर्टर, बैटरी तथा 800रु.नगद गायब है। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है। इस बावत थानाध्यक्ष रामपुर ओम नारायण सिंह ने बताया कि सूचना मिली है ।छानबीन की जा रही है।

## भंडारे में हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के मनियारेपुर गाँव स्थित प्रसिद्ध काली जी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद शनिवार को स्थापना के दिन आयोजित वार्षिक भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया ।इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया था ।विदित हो कि दशकों पहले मां काली की प्रतिमा की स्थापना एक जनवरी को की गई थी ।स्थापना के दिन प्रतिवर्ष विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है ।इस अवसर पर माधव श्याम पांडेय,वीरेंद्र कुमार पांडेय पप्पू,प्रदीप मिश्रा,भास्कर पांडेय,बबलू पांडेय, दुखरन विश्वकर्मा, सेचू प्रजापति, महेंद्र प्रजापति सहित अन्य लोग देख रेख में लगें रहे।

## अलीगढ़ : कालीचरण महाराज की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन

अलीगढ़ ब्यूरो : संत कालीचरण महाराज की गिरफ्तारी के विरोध में बजरंग बल कार्यकर्ताओं ने रामलीला मैदान के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की। बजरंग बल के महानगर संयोजक गौरव शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा संत की जिस तरह गिरफ्तारी की गई है, जो अवैध है। यह शासकीय अपहरण है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने अपनी सुल्तान सोनिया गांधी को खुश करने के लिए गिरफ्तारी कराई है। कांग्रेस सत्ता की वापसी के लिए घृणा का खेल खेल रही है। आहुति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने भी संत की गिरफ्तारी पर आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन में रवि राठी, मुकेश राजपूत, दलवीर सिंह फौजी, डॉ. विश्वमित्र आर्य, शेखर शर्मा, अमन शर्मा, आशु सक्सेना आदि मौजूद थे।

## आगरा में दिल्ली हाईवे पर भीषण जाम : चार किमी तक वाहनों की कतारें

आगरा ब्यूरो : आगरा में नए साल के पहले ही दिन लोगों को ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ा। शुक्रवार शाम को दिल्ली हाईवे पर भीषण जाम लग गया। जिससे कारण करीब चार किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गई। जाम के कारण शाम चार बजे से वाहन रेंग–रेंगकर चल रहे हैं। हाईवे पर ही नहीं, फतेहाबाद मार्ग और एमजी रोड पर भी जाम की स्थिति बन गई है। सिकंदरा क्षेत्र में हाईवे किनारे स्थित गुरुद्वारा गुरु का ताल पर नए साल के पहले दिन लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। पुलिस ने भीड़ को देखते हुए गुरुद्वारा के सामने कट को बंद कर दिया। इससे लोग फुटओवरब्रिज से गुजरे। वाहनों का दबाव हाईवे पर बढ़ने से सिकंदरा से लेकर खंदारी तक वाहनों की लाइन लग गई। गुरुद्वारा रेलवे ओवरब्रिज पर भी जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस के इंतजाम नाकाफी होने के कारण चार बजे से जाम में वाहन फंसे हुए हैं। हाईवे पर जाम के कारण भावना स्टेट, महर्षिपुरम, ककरैठा में भी वाहन फंस गए हैं। हाईवे के अलावा एमजी रोड, फतेहाबाद मार्ग पर ट्रैफिक धीमी गति से चल रहा है। हाईवे पर जाम के कारण सवारों वाहनों से आने वाले लोगों को पैदल उतरकर जाना पड़ा।


**नव वर्ष 2022 के पावन पर्व पर हमारी ओर सभी जनपद वासियों को हार्दिक बधाई**



**प्रो0–बादशाह अंसारी**
**मो0–9670132410**
**नोट– हमारे यहां सभी प्रकार के खिड़की दरवाजे बनाये जाते है**
**ंसआजमग**


## शकील मंसूरी बने समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शकील मंसूरी को समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव बनाया गया है । पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति के बाद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शकील नदवी ने उन्हें समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा की उत्तर प्रदेश राज्य कार्यकारिणी में सचिव के पद पर नामित किया है। शकील मंसूरी पार्टी की स्थापना से लेकर अब तक संगठन में विभिन्न पदों पर रहकर संगठन को आगे बढ़ाने में उल्लेखनीय कार्य कर चुके हैं । उनकी कर्मठता एवं संगठन में सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी है ।उनके मनोनयन पर शनिवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया । इस मौके पर मौजूद पूर्व मंत्री जगदीश नारायण राय, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव , श्रीराम यादव, बांकेलाल सोनकर, पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, जिला महासचिव हिसामुद्दीन शाह, जिला उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल, विवेक रंजन यादव , साजिद अलीम, इरशाद मंसूरी , आरिफ हबीब, राजा समाजवादी , अरशद कुरैशी, संजीव यादव , संजय जाडवानी, नीरज पहलवान, इकबाल अहमद , मनोज मौर्य , रियाज आलम,



अजमत अली, शाहनवाज, भानु मौर्य, शबनम नाज, समाजवादी महिला सभा की नगर अध्यक्ष गीता यादव , उषा यादव समेत तमाम कार्यकर्ताओं ने शकील मंसूरी को माल्यार्पण कर स्वागत किया । इस मौके पर शकील मंसूरी ने कहा कि पार्टी ने जिस भरोसे और विश्वास के साथ यह जिम्मेदारी दी है उस पर पूरी तरह से खरा उतरने की कोशिश करूंगा । 2022 में समाजवादी सरकार बनाने के लिए जन जन तक पार्टी की नीति को पहुंचाने का कार्य करूंगा । समाजवादी जमीनी कार्यकर्ताओं को निराश नहीं होना चाहिए । शीर्ष नेतृत्व की निगाह कभी भी उन पर पड़ सकती है ।

## जरूरतमंद की सहायता करना समाज का दायित्व – उर्वशी सिँह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के सदस्यों के तरफ से जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े और खाद्य सामग्री वितरण किया गया, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष नागेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब, असहाय व जरूरतमंद की सहायता करना सबसे बड़ी पूजा व सेवा है। वही ट्रस्ट की महा सचिव राधिका सिंह ने कहा कि निस्वार्थ भाव से की गई सेवा का फल हमेशा मीठा होता है। ऐसे पुनीत कार्य के लिए हर वर्ग को खासकर समाजसेवी संस्थाओं को समय समय पर आगे आना चाहिए, ताकि ऐसे लोग भी समाज के साथ जुड़ सके। ट्रस्ट के सचिव रजत सिंह ने कहा कि समाज का हर वर्ग ऐसे अच्छे कार्यो के लिए हमेशा आगे रहा है, लेकिन कई बार ऐसा होता है कि जरूरतमंद को सहायता नहीं मिलती है। जबकि उसको जरूरत होती है। इसके लिए जरूरी है कि ऐसे लोगों की पहचान कर उनको ही जरूरत की सुविधा मुहैया कराई जाए, ताकि उनको इसका लाभ मिल सके। ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्वशी सिँह का कहना है कि अपनी नेक कमाई में से जरूरतमंदों की सहायता




करना भगवान की पूजा करने के समान है। समाज में कई ऐसे लोग है, जो अपने परिवार का गुजर बसर काफी मुश्किल से कर पाते है और इस ठड के मौसम में गर्म वस्त्रों से भी वंचित है। सही मायनों में ऐसे लोगों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य है। उर्वशी सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता के लिए समाज के हर वर्ग को जागरूक होना होगा। इसके लिए समाज में जागरूकता की अलख जगानी होगी, ताकि सच्चे अर्थो में जरूरतमंदों को सहायता मिल सके ।कार्यक्रम में बाल कलाकार अतुलिका सिंह और युवराज सिंह भी मौजूद रहे!

## सीएम योगी देंगे सात हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात

अलीगढ़ ब्यूरो : चार जनवरी को अलीगढ़ आ रहे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हरदुआगंज तापीय परियोजना, कासिमपुर की 660 मेगावाट की नई यूनिट के उद्घाटन के साथ ही सात हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को जनता को समर्पित करेंगे। सीएम कासिमपुर के नबाव सिंह चौहान ग्रामोदय इंटर कॉलेज में होने वाली जनसभा को संबोधित करेंगे। समारोह में जिले के प्रभारी व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा, उर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, उर्जा एवं अतिरिक्त उर्जा स्त्रोत के राज्यमंत्री रमाशंकर पटेल आदि मौजूद रहेंगे। कासिमपुर पावर हाउस में कई यूनिटें बंद चल रही हैं। अब 660 मेगावाट की नई यूनिट चालू होने से यह प्रदेश में सर्वाधिक उत्पादन वाली यूनिट बन जाएगी। करीब पांच साल से जापान की तोशीबा कंपनी इसका निर्माण करा रही है। मुख्यमंत्री 660 मेगावाट की हरदुआगंज तापीय विस्तार योजना के साथ ही पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के नौ पारेषण उपकेंद्रों का भी लोकार्पण करेंगे। सीएम का कार्यक्रम तय हो जाने के बाद प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां भी जोर–शोर से शुरू हो गई हैं। बृहस्पतिवार को डीएम सेल्वा कुमारी जे. सीडीओ अंकित खंडेलवाल, एसएसपी कलानिधि नैथानी समेत जिले भर के अधिकारियों ने कासिमपुर में पहुंचकर कार्यक्रम स्थल, मंच, पार्किंग, हेलीपैड बनाने आदि की चल रही तैयारियों का जायजा लिया और अधीनस्थों को दिशा– निर्देश दिए थे। एडीएम सिटी राकेश पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री का चार जनवरी को अलीगढ़ आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है । अभी मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। वे जिले भर की करोड़ों की लागत वाली कई बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री जिले को कुछ और भी सौगात दे सकते हैं।

## आगरा में कोरोना : नए साल के पहले ही दिन पांच नए संक्रमित मिले

आगरा ब्यूरो : आगरा में कोरोना संक्रमण धीरे–धीरे फिर से बढ़ता जा रहा है। छह दिन से लगातार नए मरीज मिल रहे हैं। नए साल पर भी यह सिलसिला नहीं टूटा। साल 2022 के पहले दिन पांच लोग संक्रमित पाए गए। इसके साथ ही सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 29 हो गई है। बीते 24 घंटे में 6763 लोगों की जांच हुई। दो मरीज स्वस्थ हुए। अब तक 22 लाख लोगों की जांच। शनिवार को जिला प्रशासन की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार अब तक 22 लाख से ज्यादा लोगों की जांच हो चुकी है। इनमें 25805 संक्रमित मिले। 25317 ठीक हो गए। 458 की मौत हो गई। जिले में अब तक 29.13 लाख लोगों को टीका लग चुका है। इनमें 16.45 लाख लोग टीके की दोनों डोज लगवा चुके हैं। इन इलाकों में मिल रहे मरीज। 15 दिन में आवास विकास कॉलोनी में अब तक आठ और दयालबाग में 10 संक्रमित मिल चुके हैं। यह दोनों इलाके नए हॉट स्पॉट के रूप में तेजी से उभर रहे हैं। इन इलाकों में मरीजों की चेन बनना स्वास्थ्य विभाग के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। संक्रमित वृद्ध का एमसीएच में चल रहा इलाज । एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती हुए 60 वर्षीय वृद्ध की रिपोर्ट बृहस्पतिवार को



पॉजिटिव आई। एमसीएच बिल्डिंग में बने कोविड वार्ड में वृद्ध को भर्ती किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि मरीज को ब्लड प्रेशर और निमोनिया की शिकायत है। मरीज का उपचार चल रहा है। कोविड वार्ड में चिकित्सक और अन्य स्टाफ तैनात है।

## पंचतत्व में विलीन हुई भाजपा नेत्री किरन श्रीवास्तव : अंतिम विदाई देने को उमड़ा जन सैलाब

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी की जिला उपाध्यक्ष व आरटीओ विभाग के पूर्व बाबू राकेश श्रीवास्तव की पत्नी किरन श्रीवास्तव का शुक्रवार की रात विमारी के चलते निधन हो गया। किरन की मौत की खबर मिलते ही जिले में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मियांपुर मोहल्ल में स्थित उनके आवास पर शोक संवदना प्रकट करने वालो का ताता आधी रात के बाद से लग गया। भाजपा,सपा कांग्रेस, बसपा समेत सभी दलों के नेता, कार्यकर्ता, चिकित्सक, अधिवक्ता,समाजसेवी ,व्यापारी और पत्रकारों समेत हर वर्ग को लोग उनकी शव यात्रा में शामिल होकर उन्हे अपनी श्रध्दाजंलि दी। वह अपने पीछे पति राकेश श्रीवास्तव सहित दो पुत्र शिवम श्रीवास्तव एवं अमन श्रीवास्तव को छोड़ गयीं। नगर के मियांपुर मोहल्ले के निवासी कर्मचारी नेता राकेश कुमार श्रीवास्तव की पत्नी किरन श्रीवास्तव भाजपा की कर्मठ नेता रही है। वे मौजूदा समय में भाजपा की जिला उपाध्यक्ष पद थी तथा पिछले नगर पालिका चुनाव में बीजेपी ने अध्यक्ष पद पर अपना उम्मीद्वार बनाया था। किरन श्रीवास्तव की पिछले तीन माह से गम्भीर बीमारी की चपेट में आ गयी थी। उनका इलाज लखनऊ स्थित सहारा अस्पताल में चल रहा था। कुछ दिन पूर्व अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वे अपने घर पर ही आराम कर रही थी। शुक्रवार की रात करीब साढ़े 11 बजे उनकी हालत फिर से विगड़ गयी। आनन फानन में उन्हे अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब उनकी मौत हो गयी। यह खबर मिलते ही न्यू ईयर की पार्टी बना रहे लोगों में शोक की लहर दौड़ गयी। सुबह करीब दस बजे उनकी शव यात्रा निकली तो घर से लेकर रामघाट



तक भारी हुजुम उमड़ पड़ा। पहले उनका पार्थिक शरीर बीजेपी के नगर कार्यालय ओलन्दगंज ले जाया गया जहां पर भाजपा नेताओं ने उन्हे माल्यापर्ण करके अंतिम विदाई दी। उसके बाद शव को रामघाट ले जाया गया। उन्हे मुखाग्नि पति राकेश श्रीवास्तव ने दिया। उनके निधन की जानकारी होने पर राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव, जफराबाद विधायक डा. हरेन्द्र सिंह, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला, पूर्व चेयरमैन दिनेश टण्डन, आजमगढ़ नगर पालिका परिषद की चेयरमैन शीला श्रीवास्तव के प्रतिनिधि हनी श्रीवास्तव, राज्यमंत्री के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, सोम वर्मा, समाजसेवी निखिलेश सिंह, शशांक सिंह रानू, पत्रकार राजेश श्रीवास्तव, जय आनन्द, राजकुमार सिंह, संजय अस्थाना, डा. मधुकर तिवारी, फूलचन्द्र यादव, शम्भू सिंह, संजय श्रीवास्तव, पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीबी सिंह, केके त्रिपाठी, डा. कमलेश निषाद सहित तमाम अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी, अधिवक्ता आदि ने नम आंखों से श्रीमती श्रीवास्तव को अंतिम विदाई दिया।

## जनविश्वास यात्रा पहुंची मुंगराबादशाहपुर बदलापुर में हजारों महिलाओं ने की पुष्प वर्षा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक दृष्टि से बनाए गये सभी 6 क्षेत्रो में गत 19 दिसम्बर को जनविश्वास यात्रा का शुभारंभ किया था। गाजीपुर से शुरु हुई भाजपा काशी क्षेत्र की जनविश्वास यात्रा विभिन्न जनपदो से होते हुए मछ्लीशहर से मुंगराबादशाहपुर की सीमा में पूर्वान्ह 11.30 बजे प्रवेश की जहां पर हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने यात्रा का अभूतपूर्व स्वागत किया। स्वागत के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय नागरिक ढोल नगाडे के साथ पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। जनविश्वास यात्रा में रथ पर मन्त्री अनिल राजभर, राष्ट्रीय मंत्री विनोद सोनकर, धर्मवीर प्रजापति, संगम लाल गुप्ता, राज्य सभा सदस्य सीमा द्विवेदी, नीलकण्ठ तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला, जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, बदलापुर विधायक रमेश मिश्रा, सुशील मिश्रा ने जनता का अभिवादन स्वीकार करते चल रहे थे। पिछड़ा समाज का बेटा इस देश का प्रधानमंत्री हैः अनिल राजभर। उत्तर प्रदेश में पिछड़ा समाज कल्याण मंत्री अनिल राजभर ने सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के विपक्षी दलों कांग्रेस, सपा व बसपा पर जमकर हमला बोला उन्होंने आगे कहा कि जो ओमप्रकाश राजभर गरीबो और पिछड़ो की बात करते है उनके मुंह से शोभा नहीं देता उनकी सरकार ने गरीबों का अनाज लूटने का काम किया और हमारी सरकार गरीबों को लगातार अन्य वितरण कर रही हैं, यह फर्क है हमारी सरकार और उनकी सरकार में। उन्होंने अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी और मायावती की बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा, उन्होंने जनता को प्रदेश व केंद्र में बीजेपी सरकार द्वारा हुए विकास के बारे में बताया। उन्होंने आगे कहा कि मोदी जी का धन्यवाद जो चौहान बिरादरी से ताल्लुक रखने वाले फागू चौहान को मऊ से उठाकर उनको राज्यपाल बनाया संगीता बलवंत को मंत्री बनाया जितना सम्मान भाजपा सरकार में पिछड़ों की है उतना किसी सरकार में नहीं है। मुंगराबादशाहपुर और बदलापुर के बॉर्डर पर जन विश्वास यात्रा का सैकड़ो महिलाएं ने आरती उतारी उसमे बहुत ज्यादा संख्या में मुस्लिम महिलाओं ने आरती उतारने का काम किया है। जनसभा को सम्बोधित करते हुये अनिल राजभर कहा कि 2017 के पहले राज्य के अंदर किसी की हिम्मत नही थी कि वो माफिया मुख्तार अंसारी पर किसी प्रकार की रोक लगा सके, लेकिन हमारी सरकार बनते ही गुंडागर्दी, माफिया पर शिकंजा कसा गया। उन्होंने कहा





कि अखिलेश यादव बार बार कह रहे है कि मै आ रहा हूं, मै उनसे पूछना चाहता हूँ कि क्या करने आ रहे है और किस लिए आ रहे है। हमारे ऊपर बुलडोजर चलाने आ रहे है। उन्होंने कहा कि पहली बार राज्य के मुसहर, गरीबों, शोषितों, वंचितों, दलितों को 40 लाख पक्का मकान देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। बदलापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा कि जिस हिसाब से जन सैलाब उमड़ा है उसको देखते हुए लगता है कि अब की बार 350 के पार हो जाएगा और योगीजी की सरकार फिर से बनेगी। विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्रा ने कहा कि बदलापुर में योगीजी के आशीर्वाद से बदलापुर का सभी विकास हो गया है बस एक श्रीकृष्णा स्टेशन के पास जो फ्लाई ओवर बचा था उसको भी गडकरी जी सौगात देकर बदलापुर को धन्य कर दिया है। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, पियूष गुप्ता, अमित श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंघानिया, ब्लाक प्रमुख सतेन्द्र सिंह फंटू, श्रीप्रकाश शुक्ला, नीरज द्विवेदी, रामसिंह मौर्य, सुनील सेठ, धर्मपाल कन्नौजिया, धनन्जय सिंह, मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, सोशल मीडिया संयोजक सिद्दार्थ राय, विनीत शुक्ला, विपिन द्विवेदी, इंद्रसेन सिंह, प्रमोद प्रजापति, मण्डल अध्यक्ष गण सुरेन्द्र विक्रम सिंह शनी, महेंद्र बिंद, विवेक शर्मा, सन्तोष गुप्ता, चन्द्रेश गुप्ता, विनोद शर्मा, बलवीर गौड़, लवकुश सिंह, विनोद मौर्या, संजीव शर्मा, लक्ष्मी कांत मिश्रा, संदीप पाठक, मिथिलेश सिंह, रामकृष्ण उपाध्याय, रोहित गोस्वामी, अवधेश सोनकर इत्यादि उपस्थित रहे।

## मुजफ्फरनगर में दर्दनाक हादसाः घने कोहरे में भिड़े वाहन : रोडवेज चालक और मजदूर की मौत

मुजफ्फरनगर ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में घने कोहरे के कारण मंसूरपुर के निकट हाईवे पर कई वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में रोडवेज चालक और एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि ट्रक चालक घायल है। दिल्ली–देहरादून हाईवे पर नरा बिजलीघर के पास मुजफ्फरनगर से मेरठ जा रही सोहराब गेट की बस आगे चल रहे वाहन से टकरा गई। इसी दौरान बस को पीछे से आ रहे ट्रक ने भी टक्कर मार दी। हादसे में बस डिवाइडर के पास लगाए गए पोल से टकरा गई, जिससे बस चालक हापुड़ के इनामतनगर निवासी रणजीत (29) की मौत हो गई। कई यात्रियों को मामूली चोटें लगी। हादसे के दौरान सडक पार कर रहे मजदूर जिला देवरिया निवासी बाबूराम शर्मा (75) की भी मौत हो गई। ट्रक चालक जालौन निवासी बलवान घायल हुआ है। हादसे से हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम केलिए भिजवाया। रोडवेज में सवार यात्री दूसरी बसों से रवाना हुए।

# मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी एवं ट्रॉमा सेंटर के इंचार्ज कोरोना से संक्रमित

अलीगढ़ ब्यूरो : जेएन मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी एवं ट्रॉमा सेंटर के इंचार्ज कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है। जनपद में अब सक्रिय मरीजों की संख्या 11 हो गई है। कोरोना वायरस एक बार फिर दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। जेएन मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी एवं ट्रॉमा सेंटर के इंचार्ज कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। वह ईएनटी रोग विशेषज्ञ हैं। बुखार आने पर कोरोना वायरस की जांच कराई थी, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव है। संक्रमित चिकित्सक का कहना है कि वह होम आइसोलेट हो गए हैं। बुखार आने पर जांच कराई थी। उन्होंने जनपदवासियों से आग्रह किया कि कोई भी लक्षण हो तो जांच जरूर कराएं। इससे संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है। नया केस मिलने के बाद जनपद में अब सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 11 पहुंच गई है। महामारी रोग विशेषज्ञ इसे तीसरी लहर का संकेत के रूप में देख रहे हैं। अलीगढ़ में पिछले पांच दिन से रोज संक्रमित मरीज सामने आ रहे हैं। राहत की बात यह है कि अभी इनकी संख्या कम है। 30 दिसंबर को 2, 29 दिसंबर को एक, 28 और 27 दिसंबर 2021 को 2–2 मरीज मिले थे। यह खतरे की घंटी है। मंडल के सर्विलांस अधिकारी डॉ. देवेंद्र वार्ष्णेय ने बताया कि यह तीसरी लहर का संकेत है। हाथरस, एटा और कासगंज में भी एक–एक सक्रिय मरीज हैं। दूसरे जनपद में भी केस मिलने शुरू हो गए हैं। हमें समय रहते सावधान हो जाने की जरूरत है। मास्क और दो गज की दूरी बहुत जरूरी है। बार–बार हाथ धोते रहें। भीड़ में जाने से बचें। कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करें। किसी तरह का लक्षण हो तो कोविड जांच जरूर कराएं। कोविड से सुरक्षा के लिए बचे हुए लोग जल्द से जल्द टीका लगवा लें। जो लोग प्रथम डोज ले चुके हैं, वह समय पर दूसरी डोज भी लगवा लें।

# हरियाणा–पंजाब की जेलों में प्रसारित किए शूटरों के स्केच

अलीगढ़ ब्यूरो : अलीगंज के लॉजिस्टिक कारोबारी व सीमेंट कारोबारी संदीप गुप्ता हत्याकांड में फरार मुख्य आरोपी अंकुश–दुष्यंत, उनके दोस्त व शूटरों की तलाश में पुलिस टीमें गोवा, शिमला व चंडीगढ़ में डेरा डाले हैं। वहां सीसीटीवी की मदद से शूटर्स के स्केच भी बनवाए गए हैं, जिन्हें वहां की जेलों में प्रसारित कर उनके चेहरे पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। इधर, जांच में ये भी पता चला है कि अंकुश व दुष्यंत यहां से फरारी के बाद गाजियाबाद होकर निकले हैं। एक टीम को यह सफलता मिली है कि गाजियाबाद में अंकुश ने किसी से मुलाकात की है। पुलिस अब उसी दिशा में आगे बढ़ रही है। उम्मीद है कि इस दिशा में आगे बढ़ते हुए पुलिस को कोई सफलता हाथ लगे। इधर, संदीप के अलीगढ़ में रहने वाले भतीजे लवेश को स्थायी तौर पर जिले से सुरक्षा दे दी गई है। यह मुकदमे का गवाह भी है। 27 दिसंबर की देर शाम हुई संदीप गुप्ता की हत्या के बाद 29 दिसंबर को यह साफ हो गया था कि यह हत्या किसने और क्यों कराई है। हत्या में सारसौल के ट्रांसपोर्टर राजीव अग्रवाल, उसके बेटे अंकुश और दोस्त दुष्यंत की भूमिका उजागर हुई। हालांकि, राजीव पकड़ा गया, मगर अंकुश व दुष्यंत फरार हैं। उनके साथ रडार पर आए तीन–चार अन्य दोस्त भी फरार हैं। साथ में वे तीन शूटर भी चिह्नित नहीं हुए हैं, जिन्होंने हत्या की। इसी दिशा में पुलिस लगातार काम कर रही है। अब तक की जानकारी के आधार पर पुलिस की टीमें गिरफ्तारी के लिए गोवा, शिमला व चंडीगढ़ का रुख किए हुए हैं। लगातार वहां जानकारियां जुटाई जा रही हैं। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही हैं। इधर, पुलिस ने शूटरों को चिह्नित करने के लिए सीसीटीवी के वीडियो के आधार पर उनके स्कैच बनवाए हैं, जिन्हें हरियाणा व पंजाब की जेलों में पहचान कराने के लिए प्रसारित कराया जा रहा है। ताकि जेलों से उनके विषय में कोई मदद मिल सके। गोवा, शिमला, चंडीगढ़ में न्यू ईयर के जशभन से रुका काम पुलिस की टीमें हालांकि सुबह गोवा, शिमला व चंडीगढ़ पहुंच गईं। चूंकि गोवा व शिमला पर्यटक स्थल हैं। यहां नए साल का जशभन ज्यादातर होटलों में मनाया जा रहा है। वहां भीड़ अधिक है। इसलिए पुलिस का आज दिन भर का काम वहां रुका रहा है। उम्मीद है कि कल के बाद वहां कोई सफलता हाथ लगे। अलीगढ़ और गाजियाबाद से मिल रहा आगे का इनपुट पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस टीम को अलीगढ़ शहर से दुष्यंत व अंकुश के मोबाइल नंबरों की सीडीआर की मदद से कुछ सुराग मिले, जिनके आधार पर जब टीम ने आगे काम किया तो गाजियाबाद तक पहुंची। जहां जानकारी मिली कि अंकुश ने अपने एक परिचित से गाजियाबाद में मुलाकात की है। उसे घटना के विषय में जानकारी भी दी है। इसके आधार पर पुलिस की टीम गाजियाबाद पहुंच गई है और उससे जानकारी जुटाने के आधार पर आगे भी बढ़ी है। मगर अभी पुलिस तथ्यों को छिपाकर काम कर रही है। ताकि उजागर होने पर सफलता में बाधा न पैदा हो। शूटरों से व्हाट्सएप कॉल पर हो रही थी बातचीत। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से यह तथ्य जुटा लिया है कि शूटरों से अंकुश की बातचीत व्हाट्सएप कॉल के जरिये हो रही थी। इसलिए उनकी डिटेल मिलने में मुश्किल आ रही है। क्योंकि सर्विलांस में व्हाट्सएप कॉल का विवरण आसानी से नहीं मिलता। –संदीप हत्याकांड में फरार अंकुश–दुष्यंत व अन्य आरोपियों की तलाश में जगह–जगह दबिशें दी जा रही है। प्रयास किए जा रहे हैं कि जल्द ही कोई सफलता हाथ लगेगी।–कलानिधि नैथानी, एसएसपी

# आईएसबीटी पर बेहोश मिला मुरादाबाद से अपहृत व्यापारी संदीप थरेजा : छानबीन में जुटी पुलिस

आगरा ब्यूरो : मुरादाबाद से बृहस्पतिवार को अपहृत हुआ सब्जी व्यापारी आईएसबीटी पर शुक्रवार को बेहोश पड़ा मिला। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। होश में आने पर व्यापारी ने अपना नाम पता और कार सवारों द्वारा अपहरण करने की बात बताई। इसके बाद मुरादाबाद पुलिस और व्यापारी के परिजनों को इस बारे में सूचना दी गई। व्यापारी के परिजन आगरा के लिए रवाना हो गए हैं। सब्जी व्यापारी संदीप थरेजा मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रामगंगा विहार फेज वन का रहने वाला है। बृहस्पतिवार सुबह वह स्कूटर से मंडी में जा रहा था। आवास विकास कॉलोनी की तरफ मुड़ने पर कार सवार बदमाशों ने टक्कर मारकर संदीप की स्कूटर गिरा दिया। इसके बाद संदीप को कार में डालकर अगवा करके ले गए। संदीप के परिजनों ने वारदात के संबंध में सिविल लाइन थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई। उधर, शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे हरीपर्वत थाना पुलिस को सूचना मिली कि आईएसबीटी पर एक व्यक्ति बेहोश पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल



पहुंचाया। होश में आने पर पूछताछ की तो, उसने बताया कि वह सब्जी व्यापारी संदीप थरेजा है और उसका कार सवारों ने अपहरण कर लिया है। एसपी सिटी विकास कुमार ने बताया कि संदीप से उसके परिजनों का मोबाइल नंबर मालूम करने पर बात की गई। उन्होंने भी यही बताया कि संदीप के अपहरण के संबंध में सिविल लाइंस थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसके बाद मुरादाबाद जनपद पुलिस को सूचना दे दी है। संदीप के परिजन और पुलिस आगरा आ रहे हैं। चूंकि घटना की रिपोर्ट मुरादाबाद में दर्ज है, इसलिए संदीप को परिजनों की सुपुर्द किया जाएगा। यह भी पता चला है कि संदीप थरेजा का किसी सब्जी व्यापारी से जमीन का विवाद भी चल रहा है।

# पांच माह बाद 24 घंटे में मिले सात संक्रमित : दयालबाग और आवास विकास में मिल रहे मरीज

आगरा ब्यूरो : ताजनगरी में संक्रमण की नई चेन बन रही है। शुक्रवार को सात नए संक्रमित मिले हैं। इनमें दयालबाग के दंपती, आवास विकास कॉलोनी के दो युवक शामिल हैं। इस सप्ताह के पांच दिनों में 23 मरीज मिल चुके हैं। इसके पहले 31 जुलाई को नौ मरीज मिले थे। ताजनगरी में शुक्रवार को कमला नगर, शाहगंज व बुंदू कटरा में एक–एक संक्रमित मिले हैं। जिले में अब सक्रिय मरीजों की संख्या 26 हो गई है। चौबीस घंटे में 8,556 लोगों की जांच की गई है। अब तक 25,800 मरीज मिल चुके हैं। जिनमें 25,315 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। 458 की मौत हो चुकी है। 15 दिन में आवास विकास कॉलोनी में अब तक आठ और दयालबाग में 10 संक्रमित मिल चुके हैं। यह दोनों इलाके नए हॉट स्पॉट के रूप में तेजी से उभर रहे हैं। इन इलाकों में मरीजों की चेन बनना स्वास्थ्य विभाग के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। एसएन में भर्ती कोरोना मरीज हालत स्थिर। आगरा एसएन मेडिकल कॉलेज के कोविड वार्ड में गुरुवार को छह माह बाद कोरोना मरीज भर्ती किया गया है। मरीज की हालत स्थिर है। डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि कोविड अस्पताल में 15 डॉक्टरों और 15 अन्य स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ती है तो रोस्टर में डॉक्टरों और बाकी स्टाफ की संख्या भी बढ़ा दी जाएगी। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सारी तैयारियां कर ली गई हैं। कोविड अस्पताल भी शुरू कर दिया गया है। 25,072 लोगों को टीका लगाया। कोरोना से बचाव का टीका शुक्रवार को 608 केंद्रों पर लगाया गया। पहले डोज की अपेक्षा दूसरा डोज लगवाने वालों की संख्या अधिक रही। जिला टीकाकरण प्रभारी डॉ. संजीव वर्मन ने बताया कि 25,072 लोगों को टीका लगा। इसमें 9,221 लोगों को टीके का पहला डोज और 15,851 को दूसरा डोज लगाया गया। टीका रथ के संचालन अवधि बढ़ाने की मांग। हेल्प आगरा ने मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र लिखकर 'टीका रथ' एंबुलेंस के संचालन की अवधि बढ़ाने की मांग की है। संस्था टीका रथ के माध्यम से सहयोग जारी रखना चाहती है। टीका रथ के माध्यम से करीब 20,331 लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया जा चुका है।

# प्रयागराज में संगम की रेती पर विस्थापितों के लिए बसेगा गंग द्वीप

प्रयागराज ब्यूरो : गंगा की कटान में भूमि विलीन होने के बाद परेशान आध्यात्मिक–सांस्कृतिक संस्थाओं के आचार्यों–तपस्वियों को माघ मेले से विस्थापित होने की चिंता छोड़ देनी चाहिए। सेक्टर–एक स्थित संगम नोज और सेक्टर दो में महावीर मार्ग– सरस्वती मार्ग से विस्थापित हुई संस्थाओं को बसाने के लिए संगम की रेती पर गंग द्वीप बसाने की योजना तैयार की गई है। गंगा का प्रवाह कम होने के साथ ही गंग द्वीप



में विस्थापितों के अलावा पिछले वर्ष कोरोना काल में न आने वालों और कुछ नई संस्थाओं को भी बसाया जाएगा। प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने रेती पर गंग द्वीप बसाने के लिए सेक्टर चार और पांच के बीच जगह चिह्नित की गई है। लेकिन, जहां गंग द्वीप बसाने की योजना है, वहां अभी गंगा का प्रवाह बना हुआ है। सिंचाई विभाग ने अभी प्रवाह बढ़ने की भी आशंका जताई है, ऐसे में मेला प्रशासन को प्रस्तावित गंग द्वीप में पानी सूखने का इंतजार है। दारागंज के सामने बसने वाले नए गंग द्वीप के लिए 70–80 बीघे जमीन आवंटित की जा सकती है। जरूरत के लिहाज से इस रकबा को बढ़ाया भी जा सकता है। अफसरों का कहना है कि इस द्वीप में सेक्टर एक और सेक्टर दो से विस्थापित 80 से सौ संस्थाएं बसाई जाएंगी। पिछले वर्ष नहीं आ सकी थीं दो दर्जन संस्थाएं। इसके अलावा कोरोना संक्रमण की वजह से पिछले वर्ष के माघ मेले में जो दर्जनों संस्थाएं नहीं आ सकी थीं, संस्थाओं के संचालकों ने इस बार मेले में बसने के लिए फिर आवेदन किया है। ऐसे में मेला प्रशासन ने उन्हें भी इसी गंग द्वीप में जगह देने के लिए मन बनाया है। इसी तरह इस बार नई संस्थाओं को भी इसी गंग द्वीप में भूमि आवंटित करने की योजना है, ताकि आध्यात्मिक महत्व के इस नए द्वीप में मास पर्यंत मेले में संतों–भक्तों का समागम हो सके। हर किसी से समन्वय स्थापित किया जा रहा है। कटान से विस्थापित हुई संस्थाओं के अलावा नई संस्थाओं को भी गंग द्वीप में बसाया जाएगा। जल स्तर घटने के बाद आवश्यकतानुसार भूमि गंग द्वीप के लिए चिह्नित की जाएगी। –शेषमणि पांडेय, मेलाधिकारी। आनंद गिरि की गंगा सेना को संगम नोज पर नहीं मिलेगी जमीन बाघंबरी गद्दी मठ के महंत और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में जेल में बंद योगाचार्य आनंद गिरि को इस बार माघ मेले में संगम नोज पर जमीन नहीं मिलेगी। आनंद गिरि की गंगा सेना का शिविर जहां लगता था, वहां कटान हो गई है। ऐसे में गंगा सेना के लिए भूमि आवंटन नहीं हो सकेगा।

# जाति बदलकर पाई पुलिस की नौकरी : सेवा समाप्त

अलीगढ़ ब्यूरो : एटा जलेसर के युवक ने जाति बदलकर फर्जी प्रमाण पत्र बनवाया और उसके दम पर पुलिस विभाग में नौकरी पा ली। जांच रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी ने आरोपी की सेवा समाप्त कर दी है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, एटा जलेसर के प्रदीप कुमार ने 2011 की पुलिस भरती में शामिल होने का आवेदन किया था। इस दौरान उसने अन्य पिछड़ा वर्ग यानि यादव जाति से होते हुए अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी पा ली। अलीगढ़ में नौकरी शुरू कर दी। नौ साल नौकरी करने के बाद उसका भेद दिसंबर 2020 में उस समय खुला, जब उसके गांव के एक व्यक्ति ने यहां अधिकारियों से शिकायत की। शिकायत की जांच एसपी क्राइम को दी गई, जिसमें सत्यता पाए जाने पर उसे निलंबित कर दिया गया। बाद में उसके खिलाफ सेवा समाप्ति की पत्रावली शुरू हुई, जिस पर एसएसपी कलानिधि नैथानी ने निर्णय लेते हुए उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

# पूर्व विधायक जफर आलम को पड़ा दिल का दौरा : हुई एंजियोप्लास्टी

अलीगढ़ ब्यूरो : सपा के पूर्व विधायक व लिंक लॉक्स के मालिक जफर आलम को दिल का दौरा पड़ गया। उन्हें वरुण ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनकी एंजियोप्लास्टी हुई। डॉक्टरों के मुताबिक, उनकी हालत में सुधार हो रहा है। शुक्रवार को जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती सपा महिला जिलाध्यक्ष डॉ. गुलिस्ताना की खैरियत लेकर पूर्व



विधायक जफर आलम अपने कार्यालय लौट रहे थे। दोपहर 2:30 बजे रास्ते में उन्हें दिल का दौरा पड़ गया। फौरन उनको क्वार्सी चौराहा स्थित वरुण ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो. एमयू रब्बानी, डॉ. अतह कमाल, डॉ. संजय भार्गव की देखरेख में उनकी एंजियोप्लास्टी हुई। उनके दो स्टेंट डाले गए हैं। ऑपरेशन के बाद उन्हें आईसीयू वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। अब उनकी सेहत में सुधार हो रहा है। इधर, पूर्व विधायक को दिल का दौरा पड़ने की खबर पर लोगों ने उनकी सलामती के लिए दुआ व प्रार्थना की। उनके परिजन, शुभचिंतक, पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी वरुण ट्रॉमा सेंटर पहुंच गए। इनके अलावा, पूर्व विधायक ठा. राकेश सिंह, पूर्व विधायक जमीर उल्लाह खान, सपा महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद घोषी, महानगर महासचिव मनोज यादव, जिला महासचिव मुकेश माहेश्वरी, रत्नाकर पांडेय, शान मियां, जफर आलम के बेटे खुर्रम जफर, अब्दुल्ला जफर आदि मौजूद रहे। गौरतलब हो कि जफर आलम वर्ष 2012 से 2017 तक शहर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे। उधर, काजीपाड़ा मस्जिद में सपा के महानगर सचिव नूर अफजल आजाद, समाजसेवी गुलजार अहमद ने पूर्व विधायक की सलामती व लंबी उम्र के लिए दुआ की।

# सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर अश्लील हरकतें करने वाले दो युवक गिरफ्तार

मैनपुरी ब्यूरो : मैनपुरी जनपद में साइबर सेल की टीम ने शनिवार को साइबर अपराध में लिप्त दो युवकों को गिरफ्तार किया। एक युवक इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर एक युवक की शादी तोड़ने की कोशिश कर रहा था। दूसरा एक व्यक्ति को बदनाम कर रहा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। एसपी अशोक कुमार राय ने बताया कि शातिर युवक फर्जी आईडी बनाकर दो लोगों को परेशान कर रहे थे। किशनी के गांव मुकुटपुर निवासी हर्ष कुमार ने प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि इंस्टाग्राम पर किसी ने उनकी फर्जी आईडी बनाई है। उसकी शादी तोड़ने के इरादे से अशोभनीय व अभद्र पोस्ट करते हुए टिप्पणी की जा रही हैं। जिसके चलते उसकी छवि खराब हो रही है।फर्जी आईडी बनाकर डाले अश्लील फोटो। वहीं एक शिकायत कोतवाली क्षेत्र के जगरूपपुर निवासी सुरेंद्र राजपूत ने की थी। बताया कि कोई उनके नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर अश्लील फोटो और वीडियो पोस्ट कर रहा है। समाज में छवि खराब हो रही है वहीं मानसिक रूप से परेशान हैं। एसपी ने मामले की जांच स्वाट/साइबर



सेल प्रभारी विक्रम सिंह को दी थी। टीम के एक्सपर्ट विजय सिंह, सरयू कुमार, गौरव कुमार, महिपाल सिंह, मनोज और जितेंद्र ने फेसबुक और इंस्टाग्राम से सूचनाओं का आदान–प्रदान किया। इसके बाद शनिवार को टीम ने युवक की शादी तोड़ने की कोशिश करने वाले सुमित कुमार निवासी फकीरपुर थाना करहल और सुरेंद्र की फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो वीडियो पोस्ट करने वाले अंश प्रताप कश्यप निवासी बड़ी नगरिया कोतवाली को गिरफ्तार किया। दोनों ने साइबर अपराध को कबूल भी किया।

# यूपी क्रिकेट एसोसिएशन की एपेक्स कमेटी से पूरन डावर ने दिया इस्तीफा

आगरा ब्यूरो : उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की वर्चुअल तरीके से हुई वार्षिक आम सभा (एजीएम) में विवाद हो गया, जिस पर शुक्रवार को एपेक्स कमेटी के सदस्य पूरन डावर ने इस्तीफा दे दिया। उनका आरोप है कि एजीएम में कोई सदस्य किसी विषय पर चर्चा न कर पाए, इसलिए सभी को म्यूट (माइक बंद करना) कर दिया गया था। क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ हो रहे अन्याय, कमियों पर कोई चर्चा नहीं की गई। पूरन डावर जिला क्रिकेट एसोसिएशन आगरा के अध्यक्ष हैं। एजीएम में चयन समिति, अंपायर समिति, एथेक्स ऑफिसर चयन समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा होनी थी। एपेक्स कमेटी के सदस्यों ने एजीएम ऑफलाइन कराने की मांग की लेकिन एसोसिएशन ने कोरोना का हवाला देते हुए इसे ऑनलाइन माध्यम से ही कराया। मुद्दों पर स्वीकृति देने के लिए सभी को ई मेल पर बैलेट पेपर दिए गए थे जिसका जवाब एक जनवरी की शाम चार बजे तक भेजना है। आमसभा से पूर्व होने वाली एपेक्स कमेटी की वर्चुअल बैठक में 17 सदस्यों में मात्र आठ सदस्य ही जुडेघ् थे। इससे पहले दिसंबर में ही एपेक्स कमेटी के सदस्य राकेश मिश्रा ने हाईकोर्ट में रिट दाखिल की थी। उनका कहना है कि यूपीसीए नियमानुसार काम नहीं करती है। तीन जनवरी को यूपीसीए को कोर्ट में पक्ष रखना है। त्यागपत्र में लगाए ये आरोप। आगरा के उद्यमी और एपेक्स कमेटी के सदस्य पूरन डावर ने अपने त्यागपत्र में आरोप लगाया कि एजीएम वर्ष में एक बार होती है, वर्ष भर में क्या हुआ, उत्तर प्रदेश का क्रिकेट कहां पहुंचा, क्या उपलब्धि रही, क्या कमियां रहीं, उन्हें कैसे दूर किया जाए समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा होती है।



एजीएम का अर्थ यह नहीं है कि एजेंडा पढ़ा जाए और सबको म्यूट कर बिना चर्चा के एजेंडा को पास कर 15 मिनट में इसे समाप्त कर दें। यूपी की टीम छोटे राज्यों आसाम, झारखंड, हैदराबाद जैसी टीमों से हार रही है। यह चिंता का विषय है। यूपी का क्रि केट कहां जा रहा है, यह सोचना और इस पर चर्चा करना जरूरी है। जब चर्चा नहीं करनी तो मैं एपेक्स काउंसिल से इस्तीफा देता हूं। मेंबरशिप पहले ही समाप्त हो गई। यूपीसीए के कार्यवाहक सचिव मोहम्मद फहीम ने बताया कि पूरन डावर 26 सितंबर को 70 साल के हो गए थे। उनकी मेंबरशिप पहले ही समाप्त हो चुकी है। अब त्यागपत्र देने का कोई मतलब नहीं है। सदस्यों को म्यूट किए जाने का आरोप गलत है। सभी से हर एजेंडे पर विस्तार से चर्चा हुई है। सभी के बैलेट पेपर आने के बाद दो जनवरी को मुद्दों पर निर्णय लिया जाएगा।

# फिरोजाबाद में सड़क हादसा: दो बाइक की भिड़ंत में चाची और भतीजे की मौत, दो साल की बच्ची घायल

फिरोजाबाद ब्यूरो : फिरोजाबाद में नववर्ष की पूर्व संध्या पर नगला खंगर थाना क्षेत्र के गांव नगला तुला के समीप दो बाइक की भिड़ंत में महिला सहित युवक की मौत हो गई। हादसे में दो वर्षीय बालिका सहित चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। नगला खंगर क्षेत्र के गांव नगला जोरे निवासी शिवम कुमार (20) पुत्र राकेश कुमार बाइक से अपनी चाची संजू देवी (28) पत्नी अवनीश कुमार को लेकर मक्खनपुर थाना क्षेत्र के गांव नवादा से अपने घर जा रहा था। संजू देवी के साथ उसकी दो वर्षीय बेटी गुड़िया थी। बाइक सवार नगला खंगर थाना क्षेत्र के गांव नगला तुला के समीप पहुंचे थे। तभी सामने से आ रहे बाइक सवार तीन लोग शिवम कुमार की बाइक से टकरा गए। हादसे में शिवम, संजू देवी और संजू देवी की बेटी गुडिया के साथ दूसरी बाइक पर सवार तीन लोग भी घायल हो गए। उपचार के दौरान चाची–भतीजे की मौत



घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तब तक दूसरी बाइक पर सवार तीनों युवक वहां से चले गए। पुलिस घायल शिवम, संजू देवी और गुडिया को उपचार को देर रात सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर पहुंची। यहां संजू देवी और शिवम ने दम तोड़ दिया। जबकि गुडिया को उपचार के लिए भर्ती कर लिया गया। संजू देवी और शिवम की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वह जिला अस्पताल आ गए। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष नगला खंगर तेजवीर सिंह का कहना है कि दो बाइक की भिड़ंत में महिला और युवक की मौत हुई है। वहीं तीन लोग और घायल हुए हैं। उनके बारे में जानकारी की जा रही है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# देहरादून और कटरा से ठंडा रहा आगरा: प्रदेश में तीसरा सर्द शहर :पहाड़ों की बर्फबारी ने बढ़ाई गलन

आगरा ब्यूरो : साल के आखिरी दिन सर्द हवा का सितम रहा। गुनगुनी धूप से अब तक मिल रही राहत के उलट शुक्रवार को दोपहर से ही बादलों ने डेरा जमा लिया। शूल सी चुभती उत्तर पश्चिमी सर्द हवा के कारण दिन और रात में तापमान लुढ़क गया। पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बर्फ बारी के बाद भी देहरादून, कटरा, जम्मू और सिक्किम के गंगटोक जैसे शहरों से आगरा ठंडा रहा। दो दिनों के अंदर आगरा का तापमान 7 डिग्री कम हुआ है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 19.3 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से तीन डिग्री नीचे है। न्यूनतम तापमान 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू और देहरादून जैसे शहरों में आगरा से ज्यादा तापमान है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कई शहरों में तापमान आगरा जैसा है। ठिठुरन के कारण शाम को ही लोग अलाव तापते नजर आए।मौसम विभाग के पूर्वानुमान केंद्र के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण अगले तीन दिनों में बादलों की लुकाछिपी के साथ तापमान में गिरावट के आसार हैं। तीन दिनों में सुबह कोहरा और दोपहर बाद हल्की धुंध छाई रह सकती है। दिन और रात में पारा सामान्य से नीचे रहेगा। प्रदेश में आगरा सबसे सर्द शहरों की सूची में तीसरे नंबर पर रहा। प्रदेश में सबसे ठंडा शहर मुजफ्फरनगर दर्ज किया गया, जहां न्यूनतम तापमान महज 3.8 डिग्री रहा। दूसरे नंबर पर मेरठ रहा, जहां तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

## नाबालिग बालिका के अपहरण के प्रयास में तीन गिरफ्तार

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : पटरंगा पुलिस ने करीब चार माह पूर्व एक नाबालिग बालिका को अपहरण करने के प्रयास में फरार चल रहे तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि बाराबंकी जिले के थाना सफदरगंज के ग्राम खपरेला के सोनू उर्फ मित्रसेन यादव पुत्र राम बहादुर यादव की मोबाइल के जरिये पटरंगा क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की से दोस्ती हो गयी।मोबाइल से बात करते करते दोनों के बीच काफी निकटता बढ़ गयी।गत 27 अगस्त की रात को सोनू ने बालिका को पटरंगा के ग्राम घोसवल के बाहर मिलने के लिये बुलाया।जब वह बालिका मिलने आयी तो वहां पहले से सोनू अपने भाई मोनू यादव और अपने दोस्त दुर्गेश शर्मा के साथ मौजूद था।तीनों लोग बोलेरो गाड़ी से आये थे।सोनू, मोनू और दुर्गेश शर्मा के साथ नाबालिग बालिका को जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बैठा कर ले जाने लगे तो बालिका चिल्लाने लगी।बालिका के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो तीनों फरार हो गये।बालिका ने अपने भाई से इस घटना के बारे में जानकारी दी।बालिका के भाई ने पटरंगा थाने पर तीन लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी।पुलिस ने धारा 363,/354क 504/506 आईपीसी व 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर इसकी विवेचना उपनिरीक्षक गुलाम रसूल को दी गयी।उपनिरीक्षक ने बालिका का कोर्ट में बयान भी कराया।गुरुवार को मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि तीनों आरोपी मवई चौराहा के निकट ओवर ब्रिज के पास मौजूद हैं।थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक गुलाम रसूल ने सिपाही मनीष तिवारी,सिपाही राम किशुन यादव ने मौके पर पहुंच कर सोनू उर्फ मित्रसेन यादव उनके भाई मोनू उर्फ संदीप कुमार यादव तथा सफदरगंज थाना के ग्राम ग्राम सूर्य पुर के दुर्गेश कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर लिया।थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि तीनों को जेल भेज दिया गया।


नव वर्ष 2022,मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर देश की उपासना/एनबीसी चैनल अयोध्या टीम की ओर से सभी सम्मानित पाठको को हार्दिक बधाई



—राजेश श्रीवास्तव
ब्यूरो चीफ अयोध्या
डीकेयू/एनबीसी
चैनल अयोध्या
9454331471, 9555188825


## वर्ष 2021का आखरी दिन दो सगे भाइयों के लिए जिंदगी का आखिरी दिन रहा

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : बिछिया निवासी दो सगे भाई रवि व सचिन उस समय काल के गाल में समा गए जब वह बाइक से सवार होकर रामपुर अरौली के पास बोल्डर लदी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रामपुर अहिरौली के पास प्राथमिक विद्यालय के बगल उस समय बड़ा हादसा हो गया जब बोल्डर लदी ट्रैक्टर ट्राली के अनियंत्रित होते ही नीचे आ गए । लोगों ने बताया कि बाइक सहित दोनों युवक ट्राली के पहियों के नीचे दब गए । जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई ।हृदय विदारक इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल व्याप्त हो गया । उप जिलाधिकारी बीकापुर , थानाध्यक्ष हैदरगंज , क्षेत्राधिकारी बीकापुर घटना की सूचना पाकर मृतक 17 वर्षीय रवि व 15 वर्षीय सचिन के घर पहुंच गए । ग्रामीणों ने बताया कि मृतक भाइयों के पिता रामचंद्र मिश्रा की मृत्यु 3 वर्ष पहले ही हो चुकी है । मृतकों का एक बड़ा भाई संजय मिश्रा प्रदेश में है । दो बहनों में एक बहन की शादी हो चुकी है वही एक छोटी बहन अभी घर पर है। मृतकों का पंचनामा करके शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने भेज दिया है । इस संबंध में क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने बताया है कि ट्रैक्टर और क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया गया है । अन्य कार्रवाई की जा रही है ।

## रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने सर्किट हाउस में पत्रकार भोज कार्यक्रम में 2022 की डायरी देकर पत्रकारों को किया सम्मानित

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या की राम नगरी शहर अयोध्या के सर्किट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के रामचंद्र यादव विधायक रुदौली ने नए वर्ष में पत्रकारों को भोज कार्यक्रम में आमंत्रित कर उन्हे 2022 का डायरी देकर सम्मानित किया। अयोध्या के सर्किट हाउस भारतीय जनता पार्टी रुदौली विधायक रामचंद्र यादव एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता इस भोज कार्यकम में शामिल हुए सैकड़ों पत्रकार को सम्मानित किया। अयोध्या प्रेस कलब के अध्यक्ष महेन्द्र त्रिपाठी को डायरी एवं कैलेण्डर देकर सम्मानित किया गया और सम्मानित पत्रकार दैनिक समाचार—पत्र देश की उपासना एवं लाइव चैनेल अयोध्या ब्यूरो चीफ सुरेन्द्र कुमार को, वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार मांझी, आकाश सोनी,शीलदास, रामशंकर श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव पत्रकार सुबोध



श्रीवास्तव वरिष्ठ पत्रकार के.के मिश्रा, अनिल जी, शुभम,आदि कई पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

## डेढ़ माह पहले दुबई से आये युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अयोध्या संवाददाता अजय कुमार तिवारी : मवई थाना क्षेत्र की चौकी सैदपुर अन्तर्गत ग्राम कसारी में गुरुवार की शाम एक 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई।उसका शव गांव के बाहर तालाब के निकट पेड़ से लटकता बरामद हुआ।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है। मौत की वजह पारिवारिक कलह बताई जा रही है।मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक ग्राम कसारी निवासी संजीत कुमार(22)पुत्र महंगू पाल लगभग डेढ़ माह पहले ही दुबई से आया था।अभी उसकी शादी भी नही हुई थी।पता चला है कि गुरुवार की शाम वह किसी से मोबाइल से बात करते हुए घर से निकला था और थोड़ी देर बाद गांव के बाहर तालाब के किनारे आम के पेड़ से मफलर के फंदे से लटका उसका शव बरामद हुआ।घटना की जानकारी मिलते ही सैदपुर चौकी प्रभारी प्रदीप यादव सिपाही सरस कुमार व उमेश यादव के साथ मौके पर पहुंच शव को नीचे उतार कर घटना की छानबीन शुरू की।मवई के थाना प्रभारी नीरज सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।पीएम् रिपोर्ट आने के बाद ही असल वजह सामने आयेगी।

## रैपिड रेल की सुरंग खोदने के लिए चीन से पहुंचेगी मशीन

मेरठ ब्यूरो : मेरठ में साल 2022 में रैपिड रेल के लिए सुरंग खोदाई के लिए मशीन मेरठ पहुंच जाएगी। चीन से वाया समुद्र के रास्ते मेरठ तक तीन मशीनें पहुंचेंगी। चीन में टेराटेक कंपनी ने तीन मशीनों को बेगमपुल से ब्रह्मपुरी तक बनाई जाने वाली 7.12 किमी सुरंग के लिए तैयार किया है। इसके लिए टेराटेक कंपनी की फील्ड सर्विस टीम के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। कंपनी की ओर से अर्थ प्रेशर बैलेंस टनल बोरिंग मशीन को तैयार कर सार्वजनिक कर दिया गया है।एनसीआरटीसी की ओर से पिछले छह महीने से टनल बोरिंग मशीन से काम कराया जा रहा है। ब्रह्मपुरी से बेगमपुल तक के चरण का कार्य एफकांस कंपनी को दिया गया है। इसमें बेगमपुल, भैसाली और मेरठ सेंट्रल तीन भूमिगत स्टेशन बनाए जाने हैं। भैसाली और बेगमपुल स्टेशन पर दिन—रात कार्य किया जा रहा है। टनल बोरिंग मशीन के काम से पहले शॉफ्ट बनाई जा रही है ताकि मशीन को अंदर भेजा जा सके। इस चरण पर एनसीआरटीसी ने 1529 करोड़ रुपये का टेंडर एफकांस को दिया है। यह कार्य साढ़े तीन वर्ष में पूरा होने का लक्ष्य है। साइट पर आकर काम कराएंगे कंपनी के अधिकारी। तीन मशीनों को साइट पर ही तैयार किया जाएगा। कंपनी ने टेस्टिंग करने के बाद मशीनों की ओके रिपोर्ट तैयार कर दी है। टेराटेक कंपनी के अधिकारी भैसाली और बेगमपुल स्टेशन पर पहुंचकर पुर्जे जोड़ने में मदद कराएंगे। इससे पहले टेराटेक कंपनी दिल्ली मेट्रो का तीसरा चरण, लखनऊ मेट्रो, पुणे मेट्रो, कानपुर मेट्रो, अहमदाबाद मेट्रो, मुंबई मेट्रो के लिए टनल बोरिंग मशीन का डिजाइन पेश कर चुकी है। दो मशीन भैसाली, एक बेगमपुल पर लगेगी। चीन से आने वाली दो मशीनों को भैसाली स्टेशन से आवासीय सघन क्षेत्र में चलाया जाएगा। एक मशीन बेगमपुल से भैसाली की ओर चलाई जाएगी। इन मशीनों की सपोर्ट के लिए डी—वॉल बनाई जा रही है। सरियों का जाल बनाकर मिट्टी को चारों तरफ फिक्स करके बीच में टनल बोरिंग मशीनों को उतारा जाएगा।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में स्काउट गाइडो ने लिया दीक्षा

अयोध्या संवाददाता अजय कुमार तिवारी : गोसाईगंज कस्बे के रामनारायण सरस्वती शिशु मन्दिर में तीन दिवसीय स्काउट प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया।समापन के अंतिम दिन प्रशिक्षक रामबाबू गुप्ता व आदित्य श्रीवास्तव की अगुवाई में स्काउट गाइड प्रशिक्षुओ ने मतदाता रैली निकाल कर लोगो को निडर होकर निष्पक्ष मतदान करने के किये प्रेरित किया।मतदाता रैली सरस्वती शिशु मन्दिर से निकली और पूरे कस्बे में भ्रमण करती हुई वापस विद्यालय पहुंचकर सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश सोनी ने कहाकि स्काउट गाइड शिविर से बच्चो के अंदर देश प्रेम के साथ सेवा भाव व स्वालम्बन की भावना जागृत होती है। प्रशिक्षक रामबाबू गुप्ता ने कहाकि स्काउट गाइडो को जल संरक्षण, जीवो पर दया करना,पर्यावरण की सुरक्षा टेंट लगाना,ज्ञान रस्सी से सीढ़ी बनाने सहित अन्य प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान स्काउट मास्टर चित्रकेश सिंह ने स्काउट गाइड़ो को अग्नि की साक्षी मानकर दीक्षा प्रदान किया।कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य ओमप्रकाश पांडे व विशिष्ट अतिथि राजेश गुप्ता रहे। इस दौरान विद्यालय परिवार के आचार्य दीनानाथ मिश्र,सुरेन्द्र सिंह,रामजियावन यादव,अरविन्द पाठक,मंशाराम,मनोज पांडे,गीता सिंह,कोमल,सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## दर्जनो मुकदमों में वांछित आरोपी सुनील यादव गिरफ्तार

अयोध्या संवाददाता अजय कुमार तिवारी : पुलिस ने एससी एक्ट सहित सात अन्य मामलों में लिप्त आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार किया है। गोसाईगंज कोतवाल कृष्ण कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि वांछित की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी अयोध्या के दिशा निर्देश पर एक अभियान चलाया गया है जिसमें गोसाईगंज पुलिस के लगभग कई महीनों से पुलिस से आंख मिचौली खेलने वाला वांछित अभियुक्त सुनील यादव जो एक सोशल मीडिया पर फर्जी तरीके से न्यूज चलाकर लोगों को बदनाम कर व्यापारियों से पैसा वसूलने का काम करता था तथा कई और मामलों में वांछित था। पुलिस के अनुसार मुकदमा संख्या 326/2020 धारा 323, 332, 353, 354, 504, 506, व 3/2/5 ए एससी/ एससी एक्ट मुकदमा पंजीकृत है जो कोर्ट में पेश नहीं हुआ इसके खिलाफ दो बार वारंट न्यायालय द्वारा गोसाईगंज थाने पर आया था लेकिन यह पुलिस के हाथ नहीं लग रहा था। गिरफ्तारी के लिए गोसाईगंज पुलिस टीम महीनों से खोजबीन कर रही थी। पुलिस मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सुनील यादव पुत्र राम भजन यादव उम्र 30 वर्ष निवासी बेरा थाना गोसाईगंज को उसके घर से ही पकड़ा है। कोतवाल ने बताया कि यह एक शातिर अभियुक्त है जो गांव की लड़कियों के साथ छेड़खानी मारपीट आदि कई मामलों में लिप्त था। आरोपी छह माह से वांछित चल रहा था। आरोपी के खिलाफ गोसाईगंज कोतवाली में 8 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाले टीम में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार मिश्रा उप निरीक्षक कमलेश साहनी कांस्टेबल अविनाश मिश्रा ने किया।

## हाउस अरेस्ट समाजसेवी ने अपने आवास पर ही सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से केंद्र सरकार एवं गृह मंत्री अमित शाह को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : समाजसेवी अर्चना तिवारी बयान जारी करते हुए बताया ओमिक्रोन बचाव हेतु देश के हर नागरिक के सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार एवं निर्वाचन आयोग को ज्ञापन देना गलत है क्या मैं गलत हूं या सिस्टम देश की आम जनता जान चुकी है मैं ज्ञापन के माध्यम से देश के केंद्र सरकार एवं माननीय गृहमंत्री एवं निर्वाचन आयोग से मांग करती हूं पूरे विश्व में लगभग 2 वर्षों से फैली महामारी जैसे करोना इसके बाद ओमिक्रोन जैसी बीमारी पूरे विश्व में तबाही मचा रही है अब भारत में भी ओमिक्रोन का असर धीरे धीरे सभी राज्यों में दिखने लगा है इसीलिए केंद्र सरकार चुनावी रैलियों को बंद करवाए और जब तक इस महामारी का कहर भारत देश पर रहे तब तक किसी राज्य में चुनाव ना हो और जिस राज्य में मुख्यमंत्री का कार्यकाल खत्म हो गया हो उस राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए और जब 6 महीने से 1 वर्ष में स्थिति और हालात उस राज्य में सुधर जाए तो वहां पर निर्वाचन आयोग एवं केंद्र सरकार को चुनाव करवाना चाहिए पहले देश के हर नागरिक की सुरक्षा है तब चुनाव है नागरिक नहीं रहेगा सुरक्षित तो नेताओं को कौन करेगा वोट सभी पार्टियों से निवेदन है जनता के हित के लिए आप सभी भी यही मांग करें केंद्र एवं राज्य सरकार से हाउस अरेस्ट भारतीय जन सहाय संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी अर्चना तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष आरती तिवारी ,जिला अध्यक्ष मीनू मिश्रा ,जानकी श्रीवास्तव, सत्यम ,शुभम ,मुकेश श्रीवास्तव ,सौम्या ,सुनीता, पंडित अंतरिक्ष जी महाराज कुमुद लता ,आरतीशर्मा राजकुमारी,छवि,एवम कुशमा आदि मौजूद रहे।

## अयोध्या में विधायक ने रूदौली रेलवे ओवरब्रिज का किया निरीक्षण

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : रूदौली भेलसर मार्ग पर बन रहे रेलवे ओवरब्रिज का क्षेत्रीय विधायक राम चन्द्र यादव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यादव ने कहा कि पुल निर्माण में लगी उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम व रेलवे ने 25 दिसम्बर से पहले ही 99 प्रतिशत काम पूर्ण कर चुके है। अब केवल रंग रोगन सहित मामूली कार्य बचा है जो शीघ्र ही पूरा हो जाएगा।जो कार्य पचासों वर्षो में नही हुआ वह भाजपा शासन काल मे पूर्ण हो रहा है जिससे विरोधियों को पीड़ा हो रही है।ब्रिज का कार्य पूर्ण हो जाने पर इसका भव्य आयोजन कर लोकार्पण क्षेत्र की जनता की मौजूदगी में किया जाएगा। देश की आजादी के 70 साल बाद रूदौली में एक नया कीर्तिमान स्थापित होने जा रहा है।पाँच साल में ही कल्यानी नदी पर अनार पट्टी के पास पुल,तमसा नदी पर माना पुर के पास पुल सहित विधानसभा में दर्जनों पुल भी बन कर तैयार हो गए है जो आने वाले दिनों में सभी जनता को समर्पित किया जाएगा।भेलसर चौराहे पर फायर स्टेशन भी बन कर लगभग तैयार हो गया है वहां भी रंग रोगन हो चुका है। रेलवे पुल के लोकार्पण के बाद रूदौली नगर वासियों को जो सौगात मिलने जा रही है उसे रूदौली के इतिहास में दर्ज किया जायेगा। उन्होंने विरोधियों पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा शासन काल मे रूदौली विधानसभा में दर्जनों सड़के स्वीकृति हो चुकी है आने वाले समय मे पूरे क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ जाएगा।इस मौके पर बब्बन शुक्ल,विनोद यादव,भाजपा नेता तेज तिवारी,जिला पंचायत सदस्य राम नेवल लोधी,राम तेज यादव, दिनेश मिश्रा,विकास मिश्रा,विनय सिंह,भानु प्रकाश द्विवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नहर कटने से जल मग्न हुए खेतों के पीड़ित किसानों से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : मसौधा विकासखंड के ग्रामसभा ओरा कोरा में नहर कट जाने से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई नहर को बंधवाने के लिए कांग्रेस पार्टी के युवा नेता रंजीत यादव,अवधेश यादव,राम गुलाम,वंश प्रजापति आदि ने पहुंचकर नहर बनवाने का काम किया साथ में सैकड़ों की तादात में आसपास के गांव के सभी किसान भाइयों ने मिलकर कडे परिश्रम से नहर को बांधा। उक्त घटना की खबर होते ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल उपरोक्त ग्राम सभा में पहुंचकर पीड़ित छुट्टन,चौतू,राम जी,अजुन प्रसाद,दुर्गा प्रसाद,दीप कुमार, तुलसीराम, शिवचरण, विश्राम, विक्रमजीत,जग प्रसाद, रामबचन, रामचरण,राजकिशोर,दशरथ दीन, हितलाल, ब्रिजलाल, श्याम लाल, धर्मराज, राजेश, रामपाल, रामप्रकाश, धनपता,उदय राज,अनिल कुमार, रामभवन, गुरुदेव, मुन्नालाल, दीनानाथ,राकेश कुमार,ओम प्रकाश पाठक,राकेश पाठक,संतोष कुमार,पवन कुमार,रमेंद्र बहादुर पाठक, जगन्नाथ, साधु राम,प्रदीप,अखिलेश्वर,बाबूलाल,बाबू राम, हरीराम, सालिगराम, आसाराम, जगदेव, रामजगत, संतोष, राजकुमार, जगतपाल, शिवकुमार, स्वामीनाथ,राम सूरत, बाबूलाल आदि पीड़ित किसानों से मिलकर उनके दुख दर्द को जाना एवं जल मग्न हुए खेतों का अवलोकन कर सोहावल तहसीलदार महोदय से मोबाइल पर वार्ता कर तत्काल उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की एवं किसान भाइयों को कांग्रेस पार्टी की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। जिला प्रवक्ता मोहम्मद शरीफ ने बताया कि उपरोक्त घटना की पूरी जानकारी प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय कुमार लल्लू को दे दी गई है एवं रिपोर्ट बनाकर प्रदेश कार्यालय को पीड़ित किसानों के मदद के लिए मेल कर दिया गया है प्रतिनिधिमंडल में जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल हकीम,युवा नेता दिनेश यादव,मसौधा ब्लॉक अध्यक्ष राहुल मौर्य जिला सचिव बलबीर सिंह कोरी आदि मौजूद रहे।

## समाजवादी नेताओं ने मनाया स्व0 राजनारायण जी की 35वीं पुण्यतिथि

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : महान समाजवादी नेता पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री लोकवन्धु स्व0 राजनारायण जी की 35वीं पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी । उक्त अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष गंगासिंह यादव ने कहा कि स्व0 राज नारायण जी भारतीय राजनीति के ऐसे सितारे हैं जिनको भुलाया नहीं जा सकता । राजनारायण जी रियल सोसलिस्ट थे । सोशलिस्टों की जो पहचान होती है वो उसके प्रतीक थे । आज स्व0 राज नारायण जी जैसे नेताओं की सख्त आवश्यकता है। कार्यक्रम में सपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य छोटे लाल यादव , महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव , महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, वरिष्ठ नेता ओपी पासवान ,जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा दान बहादुर सिंह , प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव, शिक्षक सभा महासचिव घनश्याम यादव आदि उपस्थित थे।

## शीतलहर से बढ़ेगी ठंड : नए साल में इस तारीख तक फिर से बिगड़ेगा मौसम

मेरठ ब्यूरो : पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम में काफी बदलाव के साथ नए साल की शुरुआत होगी। सुबह हल्का कोहरा रहेगा तो ठंड भी बढ़ेगी। अगले 24 से 48 घंटे तक शीतलहर के कारण तापमान में गिरावट आएगी। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 5 से 7 जनवरी तक फिर से मौसम बिगड़ेगा। मौसम कार्यालय पर शुक्रवार को अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री और न्यूनतम 4.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। दिन में हवा की गति थोड़ी धीमी रही तो तापमान में भी 2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एन सुभाष का कहना है कि अभी ठंड का असर बना रहेगा। सुबह के समय कोहरा छाने के आसार हैं। दिन में मौसम साफ रहेगा और रात के तापमान में गिरावट के साथ ठंड अधिक होगी। अभी न्यूनतम तापमान में फिर से गिरावट दर्ज की जाएगी। 5 से 7 जनवरी के बीच बिगड़ेगा मौसम। कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही का कहना है कि वेस्ट यूपी में 5 से 7 जनवरी तक पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखेगा और ठंड बढ़ेगी। वहीं, शुक्रवार को मेरठ सहित एनसीआर में फिर से प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी हुई है। एक्यूआई फिर से 291 पर पहुंच गया है।


नव वर्ष 2022 मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर हमारी ओर सभी जनपद वासियों को हार्दिक बधाई




—डॉ. एस के पाण्डेय, रामनगर चौराहा
नोट—हमारे यहाँ सभी असाध्य बीमारियों का सफल इलाज होता है।

नव वर्ष 2022 मकर संक्रान्ति व गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर हमारी ओर सभी सम्मानित लोगों को हार्दिक बधाई



अनिल श्रीवास्तव राजू
समाजसेवी
शाहजहांपुर

नव वर्ष 2022 मकर संक्राति व गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर हमारी ओर सभी सम्मानित लोगों को हार्दिक बधाई




दीपक शर्मा
हरीश चंद्र वर्मा

नव वर्ष 2022,मकर संक्रान्ति व गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी लोगों को हार्दिक बधाई



—जगत नारायण यादव
पार्षद श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड नगर निगम अयोध्या
—विजय नारायण यादव (राष्ट्रीय महा सचिव) मुलायम सिंह यूथ विग्रेड,अयोध्या

नव वर्ष 2022,मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी लोगों को हार्दिक बधाई




—विनय वर्मा
समाजसेवी एवं
रियल स्टेट ,अयोध्या,
फैजाबाद

नव वर्ष 2022,मकर संक्रान्ति व गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी लोगों को हार्दिक बधाई



—नीरज कुमार कनौजिया
अयोध्या मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र

नव वर्ष 2022,मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी अयोध्या वासियों को हार्दिक बधाई



— डा0 निशि सिंह
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
MBBS
अयोध्या

नव वर्ष 2022,मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



—लल्लू सिंह
सांसद, अयोध्या



सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय— हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता—ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक— श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0—7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या — 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार—पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।